▪ आश्विन शुक्ल - 5 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 86 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 19-10-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 भाजपा को धर्मनिरपेक्षता न सिखाए कांग्रेस : हिमंत विश्व शर्मा

6 अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति की जीत

7 वही काम कर रहा हूं जो हमेशा से करना चाहता था : पंकज त्रिपाठी



**स्कन्दमाता**

**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।**

मां दुर्गाजी के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। ये भगवान् स्कन्द 'कुमार कार्त्तिकेय' नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर-संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्तिधर कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इनका वाहन मयूर है अत: इन्हें मयूरवाहन के नाम से भी अभिहित किया गया है। इन्हीं भगवान स्कन्द की माता होने के कारण मां दुर्गाजी के इस पांचवे स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनके विग्रह में भगवान स्कन्द बालस्वरूप में इनकी गोद में बैठे होते हैं।



# 'किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने की तैयारी करे सेना'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूरी दुनिया में अनिश्चितता की स्थिति को देखते हुए सेना से किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने तथा तैयारी करने को कहा है।

सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के पांच दिन के सम्मेलन के तीसरे दिन बुधवार को यहां अपने संबोधन में विश्व में मौजूदा जटिल तथा अनिश्चित स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा, हाइब्रिड युद्ध सहित गैर परंपरागत युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होगा और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हो रहे संघर्षों में भी यह स्पष्ट है। इसके लिए आवश्यक है कि सशस्त्र बलों को रणनीति बनाते और योजना बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। हमें अतीत में घटी और मौजूदा वैश्विक घटनाओं से सीखते रहना चाहिए। अप्रत्याशित की अपेक्षा करें और उसके अनुसार योजना बनाएं, रणनीति बनाएं तथा तैयारी करें।' उत्तरी सीमाओं की स्थिति का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सेना पर पूरा भरोसा व्यक्त किया, हालांकि उन्होंने कहा कि मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी स्तरों पर चल रही बातचीत जारी रहेगी। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बल के कर्मियों के कठिन परिस्थितियों में काम करने से पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संपर्क में सुधार हुआ है।

**फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में**

## आजम खां, पत्नी और बेटे को सात साल की जेल

**रामपुर (उप्र)/भाषा।** रामपुर की एक अदालत ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को वर्ष 2019 के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोषी ठहराते हुए सात साल की जेल की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के वकील अरुण प्रकाश सक्सेना ने बताया, एमपीएमएलए अदालत के मजिस्ट्रेट शोभित बंसल ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां, उनकी पत्नी और बेटे को सात साल कैद की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। फैसले के बाद, तीनों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया और अदालत से ही जेल भेज दिया गया। सजा सुनाए जाने के बाद बाहर निकले आजम खां से जब मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि ''आज फैसला हुआ है, फैसले में और इंसाफ में फर्क होता है।'' सक्सेना ने बताया कि रामपुर से मौजूदा भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने तीन जनवरी 2019 को गंज पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था।

# 'देश के विकास के साथ जीवन के लक्ष्य को जोड़कर आगे बढ़ें युवा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जनजातीय युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्य को देश के विकास के साथ जोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। शाह ने आज यहां जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत 200 जनजातीय युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि संविधान में सबके लिए समान अवसर उपलब्ध हैं और युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्य को देश के विकास के साथ जोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं और यह गर्व की बात है कि एक जनजातीय महिला द्रौपदी मुर्मु देश की राष्ट्रपति हैं।

शाह ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित क्षेत्रों में निहित स्वार्थ के लिए भ्रांति फैलाई जा रही है कि देश में जनजाति समुदाय के बच्चों का कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंसा से रोजगार नहीं मिल सकता, बल्कि विकास और आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए समाज की मुख्यधारा से जुड़ना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि जो लोग वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर, सड़क और अन्य ज़रूरी सुविधाएं नहीं आने देना चाहते, वो युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की राह में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि ये युवाओं की ज़िम्मेदारी है कि वो ना तो खुद गलत रास्ते पर जाएं और ना ही दूसरों को जाने दें। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवादी और उनकी विचारधारा देश के विकास और उज्ज्वल भविष्य के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद के विचार को खत्म करने में जनजातीय युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जनजातीय युवाओं को देश भ्रमण के बाद अपने गांव वापस जाकर सबको बताना चाहिए कि देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और जनजातियों के लिए हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि किसी का जन्मस्थान महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि जीवन में किए गए कार्य महत्वपूर्ण होते हैं, केवल पुरुषार्थ से ही धन, विद्या और सम्मान प्राप्त किया जा सकता है।

**फर्स्ट टेक**

## जर्मनी में यहूदी विरोधी घटनाओं में वृद्धि, बर्लिन में उपासनागृह पर हमला

**बर्लिन/एपी।** पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच हिंसक संघर्ष के चलते जर्मनी में यहूदी विरोधी घटनाओं में वृद्धि देखने को मिल रही है और बर्लिन स्थित एक उपासनागृह पर बुधवार को तड़के पेट्रोल बम से हमला किया गया। कहल अदास जिस्रोएल समुदाय ने कहा कि उसके उपासनागृह पर दो बम फेंके गए। पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। समुदाय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, अज्ञात व्यक्तियों ने सड़क से दो पेट्रोल बम फेंके। बुधवार की सुबह दर्जनों पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर जांच करते नजर आए। जर्मनी के प्रमुख यहूदी समूह ने कहा कि हमले में दो लोग शामिल थे, लेकिन वे कोई और जानकारी नहीं दे पाए। सेंट्रल काउंसिल ऑफ ज्यूज़ ने एक बयान में कहा, हम सभी इस आतंकवादी हमले से स्तब्ध हैं। हर यहूदी को ख़त्म करने की हमास की विचारधारा का जर्मनी में भी असर हो रहा है। बर्लिन के मध्य में कहल अदास जिस्रोएल समुदाय के भवन परिसर में एक यहूदी उपासनागृह, एक किंडरगार्टन, एक येशिवा स्कूल और एक सामुदायिक केंद्र है।

## तमिलनाडु, पुडुचेरी में आयकर विभाग की छापेमारी

**32 करोड़ की नकदी, 28 करोड़ का सोना जब्त**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आयकर विभाग ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में दो बड़े व्यापारिक समूहों के खिलाफ हालिया छापेमारी के दौरान 32 करोड़ रुपये की नकदी और 28 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। इनमें एक कारोबारी समूह का संबंध कथित तौर पर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद एस जगतरक्षकन से है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि दोनों समूहों के लगभग 100 परिसरों पर छापेमारी पांच अक्टूबर को शुरू हुई थी। इनमें एक समूह पेशेवर शिक्षा देने वाले शिक्षण संस्थानों का संचालन करता है, जबकि दूसरा समूह शराब, दवा, अस्पताल और होटल क्षेत्र में सक्रिय है। उसी दिन कर अधिकारियों ने द्रमुक सांसद जगतरक्षकन और उनसे जुड़े कुछ लोगों के घर पर भी छापा मारा था। जगतरक्षकन विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में सक्रिय हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था, केंद्र की भाजपा सरकार की बदले की राजनीति की कोई सीमा नहीं है। आयकर विभाग के शीर्ष संस्थान सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, दोनों समूहों के खिलाफ अभी तक की छापेमारी में 32 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी और 28 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया गया है। हालांकि आरोपी समूहों या उनके प्रवर्तकों का खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन सूत्रों ने बताया कि एक आरोपी समूह का संबंध जगतरक्षकन से है।

# भारत-वियतनाम सामरिक साझेदारी 'क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति का स्रोत'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हो ची मिन्ह (वियतनाम)/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और वियतनाम की व्यापक सामरिक साझेदारी क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति के स्रोत के रूप में उभर रही है। जयशंकर ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब उन्होंने भारतीय प्रशिक्षण जहाज 'आईएनएस सुदर्शिनी' का दौरा किया। संयोगवश, पोत वियतनाम की उनकी चार-दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान स्थानीय बंदरगाह पर था।



विदेश मंत्री ने 'आईएनएस सुदर्शिनी' पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा, ''वियतनाम एकमात्र राष्ट्र है, जिसे भारत ने पूरी तरह से संचालित मिसाइल 'कार्वेट' आईएनएस कृपाण उपहार में दिया है। इस प्रकार के सहयोग हमारे रक्षा संबंधों को और मजबूत कर सकते हैं। इसलिए, आज जब 'आईएनएस सुदर्शिनी' हो ची मिन्ह सिटी में है, तो मैं कहना चाहता हूं कि हमारी बढ़ती साझेदारी की मजबूत और अनुकूल हवाएं हमारे बढ़ती साझेदारी को और तेज गति प्रदान करने में मदद करेंगी।'' उन्होंने कहा, ब्रीफिंग से मुझे जो समझ आया, यह प्रशिक्षण जहाज अनुशासन, कड़ी मेहनत, अनुकूलन की क्षमता और अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना करने के साहस के महत्व पर प्रकाश डालता है। उन्होंने कहा, ''आज हमारी रक्षा गतिविधियां रक्षा उद्योग के क्षमता निर्माण, संयुक्त राष्ट्र शांतिसेना, पनडुब्बी और पायलट प्रशिक्षण और निश्चित रूप से द्विपक्षीय जहाज यात्राओं और युद्धाभ्यासों के व्यापक विस्तार तक फैली हुई हैं।''

जयशंकर ने 'आईएनएस सुदर्शिनी' पर कार्यक्रम के तुरंत बाद, अपनी यात्रा की तीन तस्वीरों के साथ सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, आईएनएस सुदर्शिनी का दौरा करके खुशी हुई, जो आज सुबह हो ची मिन्ह सिटी बंदरगाह पहुंचा। इसकी यात्रा हमारी लंबी समुद्री परंपरा की पुष्टि करती है। हमारी व्यापक सामरिक साझेदारी क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति के स्रोत के रूप में उभर रही है।''

## अदालत ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के जुर्म में चार लोगों को दोषी ठहराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली की एक अदालत ने टेलीविजन पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के जुर्म में बुधवार को चार लोगों को दोषी ठहराया। विश्वनाथन की 15 साल पहले कार्यालय से घर लौटते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत और अजय कुमार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत भी दोषी ठहराया। पांचवें आरोपी अजय सेठी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) और मकोका प्रावधानों के तहत संगठित अपराध को अंजाम देने, सहायता करने या जानबूझकर इसे बढ़ावा देने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए दोषी ठहराया गया।

## सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2,275 रुपये प्रति क्विंटल किया

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने बुधवार को विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 150 रुपये बढ़ाकर 2,275 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने यह कदम उठाया है। साल 2014 में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा एमएसपी में की गई यह सबसे बड़ी वृद्धि है। इसके अलावा रबी की पांच अन्य फसलों- चना, जौ, मसूर, रैपसीड-सरसों के बीज और कुसुम (सैफ्लॉवर) का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में गेहूं का एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया गया। विपणन सत्र 2023-24 (अप्रैल-मार्च) के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,125 रुपये प्रति क्विंटल है।

| 19-10-2023 | 20-10-2023 |
| --- | --- |
| सूर्यास्त 5:47 बजे | सूर्योदय 5:59 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 65,877.02 | 19,671.10 |
| (-551.07) | (-140.40) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 6,229 रु. | 77,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**सच बोलो**

निर्दोष मर रहे युद्धों में,
मत जहर फिज़ाओं में घोलो।
है कौन सही व कौन गलत,
सच के पलड़े में सब तोलो।
है कहां शांति की चाबी अब,
जड़ता के तालों को खोलो।
आतंकी बस आतंकी है,
मज़हब वालों सच भी बोलो।।

**भारत में इज़रायल के राजदूत राजदूत नाओर गिलोन ने बताया**

# गाज़ा अस्पताल पर हमास का राकेट गिरा, ना कि इज़रायल का

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/वार्ता। इज़रायल ने फिलिस्तीनी क्षेत्र में गाज़ा के एक अस्पताल में कल रात एक रॉकेट गिरने की घटना पर आज वीडियो प्रमाण देने के साथ स्पष्टीकरण दिया कि उक्त रॉकेट हमास आतंकवादियों द्वारा दागा गया था जो निशाना चूक कर अपने ही क्षेत्र में जा गिरा था और फिलिस्तीनी पक्ष इस हमले को लेकर मनगढ़ंत एवं बेबुनियाद आरोप लगा रहा है।


भारत में इज़रायल के राजदूत राजदूत नाओर गिलोन ने आज यहां गाज़ा अस्पताल पर हमले को लेकर हमास के प्रचार का जवाब देने के लिए एक बयान जारी किया और इस बारे में तकनीकी विवरण और वीडियो फुटेज भी साझा किये।

गिलोन ने कहा कि गाज़ा स्थित अल अहली अस्पताल दरअसल फ़िलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक रॉकेट का शिकार हुआ है। उन्होंने कहा कि लड़ाई की शुरुआत से, 450 से अधिक फ़िलिस्तीनी-गोले रॉकेट निशाना चूक कर गाजा पट्टी के अंदर गिरने की घटनाएं हुईं हैं। उन्होंने कहा, वे हमारे बच्चों को मारने की कोशिश करते हैं, लेकिन रास्ते में, अपने ही बच्चों को मार देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय दुष्प्रचार तंत्र तुरंत इज़राइल पर आरोप लगाता है। यह वास्तव में एक है दुख की बात है कि दुनिया भर में कई लोग उनके साथ दे रहे हैं। लेकिन, हमारी तकनीकी दुनिया में, सब कुछ प्रलेखित है, और हमारे पास स्पष्ट सबूत हैं कि यह एक फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद रॉकेट था।

इज़रायली राजदूत ने कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी और उनके सहयोगी तुरंत पीड़ित कार्ड निकाल लेते हैं। कायरतापूर्ण हत्या, अपहरण और असहाय इजरायली नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करने के बाद, वे इज़रायली फौज का सामना करने से डरते हैं। वे हमें कार्रवाई से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने से कोई नहीं रोक सकता कि ये हत्यारे अपने अत्याचारों को अब कभी दोहरा नहीं पाएंगे।

## इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा अमेरिका : बाइडेन

**यरुशलेम/वार्ता।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि इजरायली लोगों का साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक' है, मुझे यहां होने पर गर्व है। बाइडेन ने कहा कि उन्होंने यह दिखाने के लिए इज़रायल का दौरा किया कि इस संघर्ष में अमेरिका कहाँ खड़ा है। बाइडेन ने कहा कि हमला सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नरसंहार का वर्णन करता है। उन्होंने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि हमास ने 31 अमेरिकियों सहित 1,300 लोगों की हत्या की। उन्होंने कहा कि वह बच्चों सहित इज़रायली बंधकों के बारे में भी सोचते है।



उन्होंने कहा,कल्पना कीजिए कि हमास से छुपे हुए वे बच्चे क्या सोच रहे थे यह मेरी समझ से परे है। उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा,अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा: यहां से क्या होगा, इसके बारे में मैं चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा,इजरायली लोगों का साहस, प्रतिबद्धता और बहादुरी 'आश्चर्यजनक'' है। मुझे यहां होने पर गर्व है।

## अस्पताल पर हुए हमले में शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए :मोदी

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इज़रायल हमास संघर्ष में गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर हमले में मारे गए लोगों के लिए संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों की दुखद क्षति से गहरा सदमा लगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना। मोदी ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों के बीच जारी संघर्ष में नागरिकों की हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।



बातचीत — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बुधवार को नई दिल्ली में जनजातीय युवा विनिमय कार्यक्रम (टीवाईईपी) के तहत आदिवासी युवाओं के साथ बातचीत करते हुए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह।

# शिवराज ने कमलनाथ का मखौल उड़ाया, कहा- दिग्विजय ने मप्र में सरकार 'पावर ऑफ अटॉर्नी' से चलाई थी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** कांग्रेस नेता कमलनाथ के 'कपड़े फाड़ने' संबंधी बयान के बाद कांग्रेस पार्टी में कलह होने की अटकलों के बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि कमलनाथ ने पहले अपने सहयोगी दिग्विजय सिंह को सरकार चलाने के लिए इसी तरह की 'पावर ऑफ अटॉर्नी' दी थी। कमलनाथ का मजाक उड़ाते हुए चौहान ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता अद्भुत हैं क्योंकि वे गालियां खाने के लिए भी दूसरों को पावर ऑफ अटॉर्नी देते हैं।

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले दिग्विजय और कमलनाथ के बीच अनबन की चर्चा का कारण एक वीडियो है जिसमें कमलनाथ एक टिकट के इच्छुक व्यक्ति के उत्तेजित समर्थकों से यह कहते हुए सुने गए थे कि ''जाओ और (टिकट न दिए जाने पर) दिग्विजय के कपड़े फाड़ दो।'' मध्य प्रदेश कांग्रेस इकाई के प्रमुख कमलनाथ और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने बाद में इस प्रकरण को अधित तवज्जो नहीं देते हुए एकजुट रुख अपनाया। चौहान ने कहा, ''कमलनाथ ने खुलासा



किया है कि उन्होंने अपने (कमलनाथ) लिए गाली खाने के लिए दिग्विजय सिंह को 'पावर ऑफ अटॉर्नी' दी है, जो अब तक वैध है।'' चौहान विंध्य क्षेत्र के कद्दावर नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिवंगत श्रीनिवास तिवारी के पोते एवं कांग्रेस नेता सिद्धार्थ तिवारी के भाजपा में शामिल होने के बाद मध्य प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। चौहान ने कहा कि कमलनाथ ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि यदि उन्हें गालियां भी दी जाएं तो उनकी जगह कोई दूसरा उन्हें ग्रहण करे। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ''कमलनाथ ने राज्य में सरकार चलाने के लिए (दिसंबर 2018 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद) दिग्विजय सिंह को इस तरह की 'पावर ऑफ अटॉर्नी' दी थी। पहले भी 'बंटाधार' हुआ था और अब भी 'बंटाधार' (दिग्विजय सिंह के लिए भाजपा द्वारा इस्तेमाल किया गया शब्द) हो रहा है।'' भाजपा नेता ने कहा कि जब (2003 से पहले) दिग्विजय सिंह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब मध्य प्रदेश की हालत खराब थी और लोग इससे पूरी तरह वाकिफ हैं।

## हाइड्रोजन उपकरण का बाजार 2030 तक 50 अरब डॉलर होगा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** हाइड्रोजन क्षेत्र के निकाय आईएच2ए ने बुधवार को उम्मीद जताई कि घरेलू हाइड्रोजन उपकरण विनिर्माण एवं सेवा का बाजार वर्ष 2030 तक 45-50 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इंडिया हाइड्रोजन अलायंस (आईएच2ए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसका यह आकलन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र से संबंधित सभी उपकरणों पर आधारित है। इन उपकरणों के घरेलू इस्तेमाल के अलावा पश्चिम एशिया एवं अफ्रीकी देशों को निर्यात भी इसमें शामिल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार का आकार इस स्तर पर पहुंचने से भारत भावी हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए आपूर्ति शृंखला के एक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा। उद्योग निकाय ने हरित हाइड्रोजन का क्षेत्रीय उपकरण एवं सेवा निर्यात बाजार 36 अरब डॉलर तक पहुंचने का भी अनुमान जताया है। इसके साथ ही इसने कहा कि अगले सात वर्षों में घरेलू हाइड्रोजन उपकरण बाजार 9-13.5 अरब डॉलर का हो जाएगा।

# अडाणी मुद्दे पर राहुल गांधी के आरोपों के बाद भाजपा ने गांधी परिवार को घेरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोयला आयात में अडाणी समूह द्वारा कीमतें बढ़ा-चढ़ाकर दिखाये जाने की खबरों पर सरकार के खिलाफ राहुल गांधी के आरोपों को लेकर बुधवार को उन पर पलटवार किया।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि उद्योग समूह से जुड़ा मामला उच्चतम न्यायालय में है और इस मुद्दे पर राहुल गांधी के बयान दर्शाते हैं कि उन्हें संविधान या उच्चतम न्यायालय पर भरोसा नहीं है। गांधी परिवार को दुनिया में 'सबसे भ्रष्ट' परिवार करार देते हुए



भाटिया ने संवाददाताओं से कहा कि राहुल गांधी स्वयं नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर हैं। भाजपा नेता ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर या अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा के कथित घोटालों के बारे में कभी नहीं बोलते। इससे पहले राहुल गांधी ने आज दिन में ब्रिटिश समाचार पत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' में प्रकाशित अडाणी समूह से संबंधित एक खबर का हवाला देकर इस कारोबारी समूह पर कोयले के आयात में ज्यादा कीमत दिखाकर 12,000 करोड़ रुपये की 'चोरी करने' का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोपों में जांच क्यों नहीं हो रही है?

भाटिया ने इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर फलस्तीन पर कुछ विपक्षी नेताओं के रुख को लेकर उन पर भी हमला बोला। उन्होंने इजराइल पर हमास चरमपंथियों के हमले के संदर्भ में कहा कि विदेश नीति भारत सरकार का अधिकार क्षेत्र है, लेकिन कुछ विपक्षी दल केवल तुष्टीकरण की राजनीति में रुचि रखते हैं और एक आतंकवादी संगठन की निंदा नहीं कर सकते। भाटिया ने आरोप लगाया कि कुछ सांसद खुद को देश से ऊपर समझते हैं और उन्होंने देश के हितों की अनदेखी करने वाले बयान दिये।

## 'कपड़े फाड़ो' वाली टिप्पणी को लेकर सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ग्वालियर/भाषा।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ के अपनी पार्टी के सहयोगी दिग्विजय सिंह पर ''कपड़े फाड़ने'' वाली टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को निशाना साधा और कहा कि राज्य के मतदाता ऐसे नेताओं को सरकार बनाने की अनुमति नहीं देंगे। मार्च 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सिंधिया ने कहा कि 17 नवंबर के विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी पार्टी के घोषणापत्र में वादों की एक लंबी सूची है, लेकिन उनमें से कोई भी पूरा नहीं होने वाला है।

कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ के उस हालिया वीडियो ने प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस पार्टी में दरार की चर्चा को हवा दे दी है, जिसमें वह शिवपुरी से एक नेता को टिकट नहीं दिए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं से वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के कपड़े फाड़ने के लिए कह रहे हैं। दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों ने मंगलवार को इस प्रकरण को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए विधानसभा चुनाव से पहले एकजुटता का रुख अपनाया। कमलनाथ की टिप्पणी और वायरल वीडियो के बारे में पूछे जाने पर, सिंधिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हर चीज को नष्ट करना चाहती है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने कहा, '' मेरी सोच लोगों के विकास के लिए काम करना और अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत करना है।'' सिंधिया ने कहा, ''अगर कांग्रेस के नेता ऐसी बात कर रहे हैं तो सत्ता मिलने पर मध्य प्रदेश की जनता का क्या होगा? लेकिन मेरा मानना है कि लोग ऐसा नहीं होने देंगे।''

## आईबीएम का आईटी मंत्रालय के साथ सेमीकंडक्टर, एआई, क्वॉन्टम कंप्यूटिंग में करार

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेरिका की दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के साथ सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वॉन्टम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में बुधवार को तीन समझौते किए।

यह कदम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि भारत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए निर्णायक कदम उठा रहा है। कंपनी ने मंत्रालय के साथ सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वॉन्टम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''ये प्रौद्योगिकियां भविष्य की तकनीक का आकार तय करेंगी। इनके जरिये अकादमिक, स्टार्टअप और नवोन्मेषी पारिस्थितिकी तंत्र में काफी अवसर उपलब्ध होंगे।''

## प्रौद्योगिकी क्रांति के केंद्र में लोगों को रख रहे भारत, अमेरिका: गार्सेटी



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने बुधवार को कहा कि भारत और अमेरिका समाज की बेहतरी के लिए लोगों को प्रौद्योगिकी क्रांति के केंद्र में रखकर काम कर रहे हैं। गार्सेटी ने 'द टेकसर्ज इंडिया सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका और भारत प्रौद्योगिकी के एक ऐसे नजरिये को साथ लेकर चल रहे हैं जो दोनों देशों को विभाजित करने के बजाय उन्हें जोड़ने का काम रहा है। गार्सेटी ने कहा, ''इस दुनिया में कोई भी ऐसे दो देश नहीं हैं जो मिलकर इस काम को बेहतर ढंग से कर सकते हैं और एक की कमजोरियों को दूसरे की ताकत से भर सकते हैं। दोनों देश दुनिया को एक ऐसा मॉडल दिखा सकते हैं जिसमें लोगों को प्रौद्योगिकी क्रांति के केंद्र में रखने वाले लोकतांत्रिक मूल्यों की अहमियत हो। यह प्रौद्योगिकी हमारा नुकसान पहुंचाने के बजाय हमारी सुरक्षा करती है।'' उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद करने के लिए भारत के नेतृत्व की सराहना भी की।

## अकासा एयर को रियाद, जेद्दा, दोहा और कुवैत के लिए उड़ानों की मंजूरी मिली : सीईओ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विमानन कंपनी अकासा एयर को सरकार से रियाद, जेद्दा, दोहा और कुवैत के लिए उड़ानों की मंजूरी मिल गई है। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने यह जानकारी दी।

दुबे ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में उम्मीद जताई कि अकासा एयर जल्द अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू कर पाएगी। एयरलाइन ने अगस्त में परिचालन का एक साल पूरा किया है। कंपनी के बेड़े में 20 बोइंग 737 मैक्स विमान हैं और इस साल के अंत तक दो और विमानों को बेड़े में शामिल किए



जाने की संभावना है। दुबे ने जोर देकर कहा कि अकासा एयर की वित्तीय स्थिति मजबूत है और एयरलाइन अगले 75 दिन में या साल के अंत तक तीन अंक यानी 100 से अधिक विमानों का ऑर्डर देगी। दुबे ने कहा, हमें अभी रियाद, जेद्दा, दोहा और कुवैत के लिए यातायात अधिकार दिए गए हैं। इस प्रक्रिया में समय लगेगा... उन्होंने कहा, हम अपने जीवन में एक बहुत ही रोमांचक चरण में बने हुए हैं। हम आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। हमारे पास अच्छी नकदी है। अब, एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने के लिए अन्य मंजूरियों के लिए संबंधित विदेशी सरकारों के साथ काम करेगी और इसमें कुछ समय लगेगा।

पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान के समय को लेकर सवाल पर अकासा एयर के संस्थापक और सीईओ ने कहा कि अभी निश्चित समय बताना कुछ मुश्किल हो सकता है। अकासा एयर एक सप्ताह में 700 उड़ानों का परिचालन करती है। कंपनी फिलहाल 16 शहरों के लिए उड़ानों का परिचालन कर रही है।

हालिया आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में अकासा एयर से 5.17 लाख यात्रियों ने यात्रा की। उसकी घरेलू बाजार में हिस्सेदारी 4.2 प्रतिशत रही।

## सरकार ने चीनी निर्यात पर लगे 'अंकुश' को अगले आदेश तक आगे बढ़ाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने चीनी निर्यात पर लगे 'अंकुश' को इस साल 31 अक्टूबर से आगे अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। इस कदम का मकसद त्योहारी सीजन के दौरान घरेलू बाजार में चीनी की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

इससे पहले चीनी निर्यात पर इस साल 31 अक्टूबर तक के लिए अंकुश लगाए गए थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बुधवार को एक अधिसूचना में कहा, ''चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी, परिष्कृत चीनी और जैविक चीनी) के निर्यात पर अंकुश 31 अक्टूबर, 2023 से आगे बढ़ा दिया गया है। यह अगले आदेश तक लागू रहेगा। अन्य शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।'' हालांकि अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि ये अंकुश सीएक्सएल और टीआरक्यू शुल्क छूट कोटा के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को भेजी जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होंगे। सीएक्सएल और टीआरक्यू (शुल्क दर कोटा) के तहत एक निश्चित मात्रा में चीनी का निर्यात किया जाता है। अंकुश वाली श्रेणी के तहत किसी निर्यातक को चीनी निर्यात करने के लिए सरकार से लाइसेंस या अनुमति लेने की जरूरत होती है। भारत दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है।

## क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी: नवी मुंबई पुलिस ने कई बैंक खातों पर रोक लगाई

**ठाणे/भाषा।** नवी मुंबई साइबर पुलिस ने 'क्रिप्टोकरेंसी' धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के दौरान कई बैंक खातों पर रोक लगा दी, जिनमें 32.66 करोड़ रुपये जमा हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह सूचना दी। नवी मुंबई में साइबर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि एक व्यक्ति ने अगस्त में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उसने 'क्रिप्टोकरेंसी' कारोबार में 6.6 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निवेश करने का दावा किया था।

व्यक्ति ने शिकायत में कहा कि उसकी एक महिला से फोन पर दोस्ती हुई थी और उसने अच्छे प्रतिफल का वादा कर उसे 'क्रिप्टोकरेंसी' में निवेश करने के लिए कहा था। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने बड़ी राशि निवेश की और उसे विभिन्न मौकों पर 75 लाख रुपये का प्रतिफल प्राप्त हुआ लेकिन बाद में प्रतिफल मिलना बंद हो गया।

इस संबंध में भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत साइबर थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस के एक जांच दल ने उन विभिन्न बैंकों से पूछताछ की जिनसे शिकायतकर्ता ने पैसों का भुगतान किया था। इस जांच के पहले कदम के रूप में बीते कुछ हफ्तों में कई खातों पर रोक लगाई गई है, जिनमें 32,66,12,091 रुपये जमा हैं।

# महाराष्ट्र में 45 लोकसभा सीटें जीतने पर ध्यान केंद्रित करेगा 'महायुति' : एकनाथ शिंदे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि 'महायुति' (महागठबंधन) के घटक दल अब अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव में राज्य की कुल 48 लोकसभा सीटों में से 45 को जीतने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। महायुति में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) शामिल हैं।

समाजवादी विचारधारा वाली पार्टियों से संपर्क करने के लिए शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए शिंदे ने ठाणे में संवाददाताओं से कहा कि समाजवादी विचारधारा वाले नेताओं से हाथ मिलाने का कदम उनकी हिंदुत्व विचारधारा में ''घालमेल'' को दिखाता है। ठाकरे ने रविवार को राज्य में समाजवादी विचारधारा वाली 21 पार्टियों के नेताओं को संबोधित करते हुए दावा किया था कि उनमें मुख्य रूप से वैचारिक मतभेद हैं, जिन्हें लोकतंत्र के वास्ते दूर किया सकता है।

सेना (यूबीटी) नेता ने यह भी कहा था, ''उनमें से कई मुस्लिम हो सकते हैं लेकिन वे राष्ट्रवादी हैं जो देश के लोकतंत्र की रक्षा करना चाहते हैं।''

मुख्यमंत्री शिंदे मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात शहर में एक नवरात्र कार्यक्रम में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

उनके और अन्य शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर शिंदे ने कहा, ''लोकतंत्र में बहुमत का महत्व है और राज्य विधानसभा में 50 विधायक हमारे साथ हैं, हम असली शिवसेना हैं और इसकी पुष्टि चुनाव आयोग ने की है। हमें न्यायपालिका और अदालत पर भरोसा है और जो भी फैसला होगा वह योग्यता और लोकतंत्र के आधार पर होगा।'' पिछले साल जून में शिंदे के नेतृत्व में हुए विद्रोह के कारण शिवसेना दो गुटों में विभाजित हो गई थी और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। बाद में शिंदे ने भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई थी। इस साल जुलाई में रांकापा नेता अजित पवार और उनकी पार्टी के आठ अन्य विधायक शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गये थे। मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य से 45 सांसद निर्वाचित हों, महायुति के घटक दल यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।''

## डीआरआई ने मुंबई हवाई अड्डे से 70 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की, चार लोग गिरफ्तार

**मुंबई/भाषा।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मादक पदार्थ की तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए अलग-अलग घटनाओं में दो विदेशी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर 70 करोड़ रुपये मूल्य की सात किलोग्राम कोकीन जब्त की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीआरआई की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने एक आरोपी के पास से एक बंदूक और पांच कारतूस भी बरामद किए। उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति बंदूक से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा सका। हथियार को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है।

सभी चार घटनाएं पिछले कुछ दिन में हुईं। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चार लोगों में एक महिला भी शामिल है। उन्होंने बताया कि डीआरआई की एक टीम ने ट्रॉली बैग में कोकीन छिपाकर ले जा रहे लोगों को पकड़ा जो इसकी तस्करी का प्रयास कर रहे थे। इसके अलावा दो और लोगों को पकड़ा गया, जिनके पास से कोकीन बरामद हुई। अधिकारी ने बताया कि इसी कार्रवाई में जांच करते हुए डीआरआई अधिकारी पालघर जिले के विरार में एक और व्यक्ति तक पहुंचे तथा उसके घर से कोकीन जब्त की गई।

जागरूकता रैली — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



नई दिल्ली के प्रगति मैदान में बुधवार को इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ग्राहकों का विश्वास बढ़ाने के लिए केंद्रीय भारी उद्योग विभाग द्वारा आयोजित ग्रीन प्लेट ईवी रैली को हरी झंडी दिखाते हुए केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ।

## सरकार ने सात देशों को 10 लाख टन से अधिक गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने नेपाल, कैमरून व मलेशिया सहित 7 देशों को 10,34,800 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय की जारी अधिसूचना के अनुसार, निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. के जरिये किया जा सकता है। हालांकि, भारत ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन कुछ देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरत के मद्देनजर सरकार गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति देती है।

# केरल की दो महिलाओं ने असाधारण पराक्रम दिखाते हुए बुजुर्ग इजराइली दंपती की हमास हमले में बचायी जान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** इजराइल में हमास के हमले के दौरान एक बुजुर्ग दंपत्ति की देखभाल करने वाली केरल की दो महिलाओं ने सात अक्टूबर को असाधारण साहस एवं पराक्रम का परिचय देते हुए उनके जीवन की रक्षा की। भारत में इजराइली दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में केरल की दो महिलाओं सविता और मीरा मोहनन को भारत की असाधारण पराक्रमी महिलाएं (इंडियन सुपरवुमैन) बताते हुए उनका सम्मान किया।

दूतावास ने सविता का वायरल वीडियो भी साझा किया जिसमें उन्होंने बताया कि हमास समूह के सात अक्टूबर को अचानक हमला करने के बाद क्या हुआ था। सविता ने अपने वीडियो संदेश में उस दर्दनाक घटना का स्पष्ट रूप से वर्णन किया जब उसने और मोहनन ने बहादुरी से अपनी एवं उस बुजुर्ग दंपति की रक्षा की जिनकी वे देखभाल कर रहे थे। संदेश में बताया कि घर के अंदर सुरक्षा कक्ष के दरवाजे की कुंडी को उन्होंने कसकर पकड़ लिया था। गोलियों की बौछार के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और साहसपूर्वक हमलावरों को अंदर घुसने से रोके रखा। सविता ने बताया कि जिस दंपति की देखभाल वे कर रही थी उसमें से महिला तंत्रिका तंत्र संबंधी एएलएस बीमारी से पीड़ित है। उन्होंने बताया कि करीब सुबह साढ़े छह बजे सायरन की आवाज सुनाई दी जिसके बाद वे सुरक्षा कक्ष में चले गए। इसके बाद दंपति की बेटी का फोन आया जिसमें उसने बताया कि इलाके में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई है और घर के सभी दरवाजे बंद कर लो। इजराइल में तीन वर्ष से काम कर रही सविता ने कहा, 'कुछ देर बाद घर में आतंकवादियों के घुसने की आवाज आई। इस दौरान गोलीबारी और कांच के टूटने की आवाजें आ रही थीं।'

# किसानों की फसलों को सूखने से बारिश ने बचाया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तंजावुर में किसानों को कुरुवई फसलों के सूखने का डर सता रहा था।

कावेरी का पानी धान के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा था, लेकिन पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश ने उन्हें राहत दी और पानी की कमी की समस्या लगभग हल हो गई। एक किसान एमएल अरुमुखम ने कहा कि धान किसानों को तनाव से राहत मिली है।

बारिश ने कुरुवई, सांबा और थलाडी की फसलों को सूखने से रोक दिया है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने केला और पान की खेती की है, उन्हें भी बारिश का फायदा होगा।

गौरतलब है कि जिले भर में 78,486 हेक्टेयर कृषि भूमि पर कुरुवई धान की खेती की गई थी और लगभग 55,000 हेक्टेयर भूमि की कटाई पहले ही पूरी हो चुकी है।

जिले में लगभग 25,000 हेक्टेयर कृषि भूमि पर सांबा और थलाडी धान की खेती की जाती है। पूर्वोत्तर मॉनसून तमिलनाडु में दस्तक देने वाला है, बारिश की छोटी अवधि ने फसलों को बचा लिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा 12 जून को मेट्टूर बांध खोले जाने के बावजूद भी कावेरी का पानी तंजावुर के सिंचाई चैनलों तक नहीं पहुंच पा रहा है। कई किसान संगठनों ने तमिलनाडु के लिए पर्याप्त मात्रा में कावेरी जल जारी नहीं करने को लेकर कर्नाटक सरकार के खिलाफ सड़क अवरोध सहित विरोध प्रदर्शन किए।

## पटाखा फैक्टरी विस्फोट मामले में तीन लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विरुधुनगर।** पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के मामले में पुलिस ने बुधवार को फैक्टरी मालिक और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक लापरवाही के कारण हुई मौतों के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों में फोरमैन कनागु उर्फ कनकराज और रामकुमार भी शामिल हैं।

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के शिवकाशी इलाके के रंगापलयम गांव स्थित पटाखा फैक्टरी में 17 अक्टूबर को हुए विस्फोट में 12 महिलाओं समेत 13 मजदूरों की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के अलावा भारतीय विस्फोटक अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'रंगापलयम में पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट तब हुआ जब श्रमिकों द्वारा परीक्षण किए गए नमूनों से निकली चिंगारी पटाखों के भंडार पर जा गिरी।'

एक सवाल के जवाब में पुलिस अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए पटाखा निर्माण इकाई के मालिक आर सुंदरमूर्ति के पास वैध लाइसेंस है।

एक अन्य घटना में, मंगलवार को किचन्याकानपट्टी गांव में पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट में एक श्रमिक की मौत हो गई।

## सेवाओं का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



हाल में ही गोवा में हुए राष्ट्रीय सहकारी बैंकिंग शिखर सम्मेलन में रेप्को बैंक को सर्वोत्तम सहकारी बैंक के रूप में सम्मानित किया गया वहीं रैप्को बैंक की प्रबंधन निदेशक श्रीमती आरएस इसाबेला को बैंकिंग फ्रंटियर्स के एफसीबीए 2023 के रूप में सर्वश्रेष्ठ महिला प्रबंधक के रूप में चुना गया। बैंक के जनसम्पर्क अधिकारी एवं महाप्रबंधक पीके वैद्यनाथन ने बताया कि बैंक की स्थापना 1969 में भारत सरकार द्वारा श्रीलंका और बर्मा से आए प्रवासियों के पुनर्वास के उद्देश्य से देश के दक्षिणी हिस्सों में प्रमुख उपस्थिति के रूप में की गई थी। अस्तित्व के 54 वर्षों को पार करने के बाद, बैंक भारत में सहकारी बैंकों में सबसे अच्छे बैंकों में से एक बन गया है और बैंक की 108 शाखाएँ हैं, जिनका व्यवसाय मिश्रण 18,600 करोड़ रुपये से अधिक है।

## गाजा अस्पताल पर बमबारी से स्टालिन दुखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री व द्रमुक के प्रमुख एम.के.स्टालिन ने बुधवार को कहा कि वह गाजा अस्पताल में हुए बम विस्फोट से बहुत दुखी हैं, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई। उस युद्ध को क्रूर बताते हुए जिसमें जनता पहला निशाना बनती है, उन्होंने जानना चाहा कि क्या मानवतावाद खत्म हो गया है? स्टालिन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि युद्ध अपने आप में क्रूर होता है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी हो या किसी भी उद्देश्य के लिए युद्ध को अंजाम देता है, इसके पहले पीड़ित निर्दोष नागरिक होते हैं। गौरतलब है कि गाजा में पिछले 10 दिनों से इजरायल-हमास के बीच चल रहे युद्ध ने पूरी दुनिया के लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

उन्होंने कहा कि इस तथ्य के बावजूद कि युद्ध के दौरान अस्पतालों पर हमला नहीं किया जाना चाहिए, अस्पतालों पर हमले किए गए और सैकड़ों लोग मारे गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व समुदाय को अब मूकदर्शक नहीं बने रहना चाहिए और कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा दुनिया के सभी देशों को एक साथ खड़े होकर इस युद्ध को रोकना चाहिए। साथ ही इजरायल और फिलिस्तीन के निर्दोष नागरिकों के जीवन की रक्षा की जानी चाहिए।

# भाजपा धन जुटाने में असमर्थ, 5 राज्यों में उसकी हार लगभग तय : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अमीर कारोबारियों और ठेकेदारों से धन वसूली के लिए उन्हें आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के छापों के जरिये ब्लैकमेल किया जा रहा है।

कर्नाटक सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए भाजपा और उसके नेताओं को आड़े हाथ लेते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी आगामी चुनावों में अपनी पराजय की आशंका भांप कर अभी से बहाने खोज रही है। वह भाजपा के इस आरोप पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि हाल में आयकर विभाग के छापों में ठेकेदारों से करोड़ों रुपये बरामद किये गये जो पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव में खर्च के लिए कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के वास्ते वसूला गया कमीशन था।

सिद्दरामैया ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भाजपा पहले की तरह धन नहीं जुटा पा रही है और आगामी पांच राज्यों के चुनावों के साथ-साथ 2024 के लोकसभा चुनाव में उसकी हार लगभग तय है। इसके अलावा, कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन का उसका सबसे बड़ा स्रोत भी अब बंद हो गया है। इसलिए, अमीर व्यापारियों और ठेकेदारों को ब्लैकमेल कर पैसा इकट्ठा करने के लिए आयकर विभाग तथा प्रवर्तन निदेशालय के छापे पड़वाये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''अगर भाजपा चुनाव के नतीजे आने के एक दिन बाद यह बयान दे कि हम कांग्रेस पार्टी के धनबल की वजह से हार गये तो कोई हैरानी वाली बात नहीं होगी।''

सिद्दरामैया ने कहा कि भाजपा द्वारा चुनावी बांड के माध्यम से वसूले गये धन का विवरण इस बात का प्रमाण है कि कौन सी पार्टी चुनावी राजनीति के लिए धन लूटने में लगी है। उन्होंने कहा कि मार्च 2018 से जनवरी 2023 के बीच 12,008 करोड़ रुपये के चुनावी बांड बेचे गये जिनमें से 5,272 करोड़ रुपये भाजपा के थे।

उन्होंने सवाल किया, 'क्या व्यापारियों ने यह पैसा अपनी मर्जी से दिया था या उन्हें ब्लैकमेल किया गया?'

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा, पूर्व मंत्रियों जी जनार्दन रेड्डी, के सुब्रमण्य नायडू और कृष्णैया शेट्टी, पूर्व विधायक संपांगी और विरुपक्षप्पा जैसे प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता सब जानती है और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वालों पर हंस रही है।

## भाजपा कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराने की कर रही है कोशिश : शिवकुमार



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें राज्य में कांग्रेस सरकार को गिराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोशिश की जानकारी है। उन्होंने कहा, 'मैं यह जानता हूं भाजपा कांग्रेस सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। सभी विधायक आ रहे हैं और मुख्यमंत्री मुझे बता रहे हैं कि कौन भाजपा के संपर्क में है। वे हमें यह भी बता रहे हैं कि उन्हें क्या पेशकश की जा रही है।'

जब शिवकुमार से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की भाजपा की कोशिश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'विधानसभा सत्र होने दीजिए। मेरे पास सारी जानकारी है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि जिन लोगों से संपर्क किया गया है।' शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को संबोधित 'कलेक्शन मास्टर' पोस्टर जारी करने को लेकर हुए विवाद का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए 2,500 करोड़ की भारी रकम एकत्र की गई थी। इससे पहले शिवकुमार ने आरोप लगाया था कि इनकम टैक्स द्वारा जब्त की गई 94 करोड़ रुपये की रकम भाजपा नेताओं की है। उन्होंने कहा, 'नकदी और कांग्रेस पार्टी के बीच कोई संबंध नहीं है।' भाजपा नेताओं के इस आरोप पर कि ताजा घटनाक्रम से कांग्रेस आलाकमान हिल गया है, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस आलाकमान नहीं, बल्कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व हिल गया है। भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया था, और आयकर छापों के दौरान जब्त किए गए धन के स्रोत का पता लगाने के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की थी।



## दुर्घटना मुक्त बनाने की पहल के तहत नाइस कॉरिडोर में सुधार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु ट्रैफिक पुलिस विभाग के संयुक्त आयुक्त एमएन अनुचेत ने नाइस रोड पर कनकपुरा रोड और बन्नरुघट्टा रोड के बीच ग्रेडिएंट सुधार कार्य का उद्घाटन किया। जिसे बेंगलूरु ट्रैफिक पुलिस द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार नंदी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर एंटरप्राइजेज (एनआईसीई) द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

अंजनापुर ब्रिज से शुरू होकर पूर्वांकरा ब्रिज पर समाप्त होने वाले मार्ग पर ढलान को ठीक कर दिया गया है। इस एक्सटेंशन के ग्रेडिएंट पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए ग्रेडिएंट सुधार कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर साउथ डिवीजन के डीसीपी शिवप्रकाश, एनआईसीई के उपाध्यक्ष टी महादेव, एनआईसीई सीएसओ सुधाकर हेगड़े और एनआईसीई सीएफओ अशोक शेट्टी उपस्थित थे। कार्यों के सफल समापन के लिए नाइस को बधाई देते हुए, अनुचेत ने कहा, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के कारण इस क्षेत्र को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया था। ढाल बदलने से दुर्घटनाओं में भारी कमी आयी है। हालाँकि, यात्रियों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए क्योंकि यह दुर्घटना-मुक्त क्षेत्र सुनिश्चित करता है, उन्होंने कहा। सड़क कार्यों में छूटे हुए कड़ियों का जिक्र करते हुए टी महादेव ने कहा, हम संबंधित विभागों से लंबित स्वीकृतियां जल्द से जल्द देने का अनुरोध करते हैं ताकि हम यातायात के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण छूटे हुए कड़ियों को जोड़ने का काम पूरा कर सकें।

ग्रेडिएंट सुधार के साथ, नाइस 91.5 किलोमीटर दो तरफा सड़क कंक्रीटिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। नाइस रोड के कुल 102 किलोमीटर दोतरफा हिस्से को इस साल के अंत तक पूरा करने का वादा किया गया है। नाइस ने वृषभावती नदी पुल और कनकपुरा रोड इंटरचेंज ब्रिज पर चौड़ीकरण का काम भी पूरा करने का प्रस्ताव दिया है, दोनों के जल्दी ही शुरू होने की उम्मीद की जा रही है। नाइस रोड पर सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी गई है और यातायात पुलिस विभाग द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार, नाइस ने अपने गलियारों, सड़कों पर सफलतापूर्वक हाई मास्ट लाइटें, कैमरे डिस्पले बोर्ड, ब्रिज लाइट आदि स्थापित की हैं।

## दीपावली के दौरान बेंगलूरु में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगाने पर कर रहे हैं विचार : परमेश्वर



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि सरकार दीपावली के दौरान बेंगलूरु शहर में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। प्रदेश के गृह मंत्री की यह टिप्पणी इस महीने की शुरुआत में बेंगलूरु के निकट अत्तीबेले आग दुर्घटना के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई थी।

परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा, हर साल दीपावली के दौरान ऐसी आग लगने की घटनाएं होती हैं। कल भी तमिलनाडु में करीब 12 लोगों की मौत हो गई। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसी घटनाएं न हों और चीजों को नियंत्रित करने के लिए आने वाले दिनों में नए कानून लायेंगे । इस संबंध में चर्चा चल रही है। इस घटना ने हमें सबक सिखाया है...यदि आवश्यक हुआ तो हम मौजूदा कानूनों में संशोधन भी लाएंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस बारे में सोचना होगा कि आगामी दीपावली त्योहार के दौरान शहर में पटाखे फोड़ने की अनुमति दी जाए या नहीं। राज्य के गृह मंत्री ने कहा, 'कई निर्दोष लोग मर जाते हैं, कुछ की आंखों की रोशनी चली जाती है, ऐसी चीजें होती रहती हैं। दिल्ली में दीपावली त्योहार के दौरान पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हम निरीक्षण करेंगे कि क्या बेंगलूरु शहर में इस पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।







# उपलब्धियां विद्यार्थियों को प्रेरित करती हैं : थावरचन्द गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मैसूरु।** यह खुशी की बात है कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, साहित्य और सामाजिक मामलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सज्जनों को मानद उपाधियों से सम्मानित किया है। इन महापुरुषों की उत्कृष्ट उपलब्धियाँ विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि समाज के लिए साधकों की सेवा जारी रहेगी। मैसूरु विश्वविद्यालय के 103वें दीक्षांत समारोह में बोलते हुए उन्होंने छात्रों से इस विश्वविद्यालय में प्राप्त ज्ञान से नए भारत, श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भाग लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमारी शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपरा बहुत प्राचीन है और प्राचीन काल से ही वसुधैव कुडुंबकम दर्शन और ध्यान पर केंद्रित है, जो विश्व भाईचारे, विश्व शांति, समानता और सद्भाव की शिक्षा देता है। भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली व्यक्तित्व निर्माण, आध्यात्मिक ज्ञान और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित थी, इसीलिए हमें विश्व नेता माना जाता है और हमारी अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत है कि हमारे देश को सोने की चिड़िया कहा जाता है।

हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी शिक्षा को कौशल एवं नैतिक मूल्यों से जोड़कर एक नया भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। युवा हमारे देश के भविष्य और देश के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। युवाओं को कुशल बनाकर ही हम स्थानीय लोगों को आवाज देने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और स्टैंडअप परियोजनाओं का उपयोग करके एक बेहतर भारत, एक नया भारत और एक आत्मनिर्भर भारत बनाया जा सकता है।

मैसूर महलों, मंदिरों और उद्यानों का शहर है, जो अपने ऐतिहासिक स्मारकों और अद्वितीय वास्तुकला, रेशम और हाथीदांत और चंदन और चंदन की कलाकृतियों और अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। यह दक्षिण भारत में शिक्षा का केंद्र भी है। इस ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक शहर में स्थापित, मैसूर विश्वविद्यालय देश का छठा सबसे पुराना विश्वविद्यालय है, दक्षिण भारत में दूसरा और कर्नाटक राज्य में पहला है। सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिए सभी को मूल्यवान शिक्षा प्रदान करने और समाज को आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से समतावादी, समृद्ध, उत्कृष्ट, सशक्त, उद्यमशील और प्रबुद्ध बनाने के मिशन के साथ 1916 में स्थापित, मैसूर विश्वविद्यालय व्यापक, बहु-विषयक शिक्षा पर आधारित है। कौशल और मूल्य प्रदान करने के रूप में सराहना की गई। कार्यक्रम में नादोजा डॉ. पीएस शंकर और मैसूर मित्रा अखबार के केबी गणपति और पूर्व क्रिकेटर शारी जवागल श्रीनाथ को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस बैठक में डीआरडीओ के पूर्व निदेशक पद्म विभूषण डॉ. वासुदेव के. अत्रे, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एमसी सुधाकर, चांसलर प्रो. एनके लोकनाथ जैसे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हैदराबाद में कर्नाटक के मंत्री पर नोट बरसाये जाने का वीडियो प्रसारित, भाजपा ने साधा निशाना



**बेंगलूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें हैदराबाद में एक विवाह समारोह के दौरान मंत्री शिवानंद पाटिल पर कथित तौर पर नोटों की बारिश होते हुए देखा जा सकता है।

मंत्री पाटिल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि घटना तीन दिन पहले हुई थी, जब वह एक शादी में शामिल होने के लिए वहां गए थे और इस मौके पर 'कव्वाली' का भी आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई भाव जाहिर नहीं किया क्योंकि यह घटना एक अलग राज्य में हुई थी, उनके गृह राज्य में नहीं।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में देखा जा सकता है कि कपड़ा और गन्ना विकास मंत्री पाटिल बैठे हुए हैं और एक व्यक्ति उन पर नोटों की बारिश कर रहा है। भाजपा की कर्नाटक इकाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट किया और कहा, ''कर्नाटक में कांग्रेस के मंत्री वसूली के धंधे में डूबे हुए हैं। राज्य की जनता से लूटे गए पैसों से मंत्री किस तरह मौज कर रहे हैं, इसका जीवंत प्रदर्शन मंत्री शिवानंद पाटिल ने किया है।'' इस संबंध में प्रतिक्रिया पूछे जाने पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने घटना की जानकारी नहीं होने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस संबंध में मंत्री से पूछेंगे और जानकारी प्राप्त करेंगे।

## कर्नाटक को इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में 15,000 करोड़ के नए निवेश की उम्मीद : उद्योग मंत्री



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के विशाल एवं मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने बुधवार को कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में राज्य ने 25,000 करोड़ रुपये के निवेश को सफलतापूर्वक आकर्षित किया है। इसके साथ ही पाटिल ने कहा कि ईवी क्षेत्र में शोध एवं विकास के लिए 15,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होने की उम्मीद है।

उन्होंने यहां जेएसएस एकेडमी ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, बेंगलूरु में स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन 'मोबिलिटी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड इनोवेशन' का उद्घाटन करते हुए कहा कि 25,000 करोड़ रुपये के निवेश में बैटरी पैक और सेल विनिर्माण, विभिन्न घटकों का उत्पादन, मूल उपकरण का विनिर्माण (ओईएम), और चार्जिंग और परीक्षण बुनियादी ढांचे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में लगभग दो लाख ईवी पंजीकृत हुए हैं, जो इसे देश में बैटरी-चालित वाहनों के उपयोग करने वाला तीसरा बड़ा राज्य बनाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में सात से अधिक मूल वाहन कलपुर्जा विनिर्माता, 50 से अधिक वाहन उपकरण विनिर्माता और 45 से अधिक ईवी स्टार्टअप मौजूद हैं।

# प्रियंका शुक्रवार को दौसा जिले में जनसभा को करेंगी संबोधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


प्रियंका गांधी वाड्रा

जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को राजस्थान के दौसा जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। श्रीमती प्रियंका गांधी केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं कर प्रदेश की जनता के साथ वादाखिलाफी करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ईआरसीपी से प्रभावित होने वाले 13 जिलों में चल रहे जन-जागरण अभियान के तहत 20 अक्टूबर को दौसा जिले के कांदोली में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर स्थित भारत जोड़ो स्थल पर आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि दौसा जिले में सिकराय विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले कांदोली गांव में भारत जोड़ो सभा स्थल जहां भारत जोड़ो यात्रा के समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं भारत यात्रियों का विश्राम स्थल तैयार हुआ था, उसी स्थान पर शुक्रवार को श्रीमती प्रियंका गांधी पूर्वाह्न ग्यारह बजे जनसभा को संबोधित करेंगी। उन्होंने बताया कि जनसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा,एआईसीसी सचिव एवं सह प्रभारी अमृता धवन सहित कांग्रेस कई नेता भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि जनसभा की तैयारी के लिए जयपुर शहर, जयपुर देहात, दौसा अलवर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा बैठक कर पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां प्रदान की गई है तथा सभी नेता मंडल स्तर पर सभाएं कर अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में लोग शामिल हो इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं।




# राजस्थान की जनता ने भाजपा के लिए मन बना लिया हैः नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कहा कि राजस्थान की जनता परिवर्तन चाहती है और उसने भाजपा को राज्य की सत्ता में वापस लाने का मन बना लिया है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि यहां की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य की सभी 200 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। नड्डा ने कोटा में मीडिया से बातचीत में कहा, ''जो जोश मैं अपने कार्यकर्ताओं में देख रहा हूं, वह स्पष्ट रूप में बता रहा है कि भाजपा के प्रति राजस्थान की जनता ने अपना मन बना लिया है और उसने संकल्प लिया है कि वह राजस्थान में परिवर्तन चाहती है।''

उन्होंने कहा, ''जनता ने कांग्रेस की भ्रष्ट गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का निर्णय लेकर, संकल्प करके परिवर्तन करने का मन बनाया है और भाजपा को आशीर्वाद देने का भी मन बनाया है।'' उन्होंने महिला उत्पीड़न, किसान कर्जमाफी, भ्रष्टाचार व पेपरलीक जैसे मुद्दों को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''मैं देखता हूं कि एक तरह से राजस्थान की जनता अपने आप को ठगा महसूस करती है। राजस्थान की जनता ने आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी इस सरकार को अलविदा कहने का मन बना लिया है।''

राज्य में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 19 हजार से ज्यादा किसानों की भूमि की नीलामी कुर्की होने का आरोप लगाते हुए नड्डा ने कहा कि इस चुनाव में जनता कांग्रेस को बखूबी जवाब देगी। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कथित 'लाल डायरी' का भी जिक्र किया और कहा कि ''कांग्रेस के नेता जिस तरह से लाल डायरी को लेकर बयान दे रहे हैं, वह बताता है कि वह कितनी उदासहीन हो चुकी है।''

उन्होंने कहा, ''मैं भाजपा के पक्ष में बहुत ही उत्साह का वातावरण देख रहा हूं।'' नड्डा ने भरोसा जताया कि कोटा संभाग की 17 में से 17 सीटें भाजपा की झोली में जाएंगी। इससे पहले नड्डा ने झालावाड़, बूंदी, कोटा शहर व देहात के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी भी मौजूद थे।

नड्डा के कोटा हवाईअड्डे पर पहुंचे जहां पार्टी नेताओं और महिला मोर्चा के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद नड्डा एक होटल पहुंचे, जहां कोटा और बूंदी जिले के पार्टी पदाधिकारियों की पहली बैठक शुरू हुई। दूसरे दौर में नड्डा बारां और झालावाड़ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, स्थानीय विधायक, जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में कोटा संभाग सहित हाड़ौती क्षेत्र की 17 सीटों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इस बैठक में संगठन से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। नड्डा शाम अजमेर के किशनगढ़ जाएंगे जहां अजमेर के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। कोटा संभाग के सभी चार जिले उन 13 जिलों में से हैं जो पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के अंतर्गत आते हैं, जिसके लिए राजस्थान की कांग्रेस सरकार केंद्र से राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा मांग रही है।

# दो दिन में कोटपुतली, जयपुर और भरतपुर में 60 जगहों पर जनसंपर्क करेंगे दुष्यंत चोटाला


दुष्यंत चौटाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जननायक जनता पार्टी राजस्थान विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जोर-शोर से जुटी हुई है। हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चोटाला जन संकल्प यात्रा के माध्यम से राजस्थान में 19 अक्टूबर वीरवार से जनसंपर्क करेंगे। दुष्यंत चोटाला 19 और 20 अक्टूबर को कोटपूतली, जयपुर, भरतपुर में मेगा रोड शो करेंगे। इस दौरान वे करीब 60 स्थानों पर स्थानीय लोगों से रूबरू होंगे।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चोटाला 19 अक्टूबर को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में मोड़घा, संगदेड़ा, शेखुपुरा, कोटपूतली शहर, नागाजी की गौर, बसई, भालो जी मोड़, गौत ढाणपुरा चौकी, जोधपुरा, रघुनाथपुरा, टस्कोला, दांतिल, द्वारिकपुरा, मीरापुरा फार्म, बेरी बाघ, सुमलाबास, खरब, नरहेड़ा, चुरी, बनेठी, देवता, रामगढ़, रैकरणपुरा, चिमनपुरा, जयसिंहपुरा, गोपालपुरा, हाउसिंग बोर्ड, अबला रोड, खेड़की वीरभान, चुतुरबुज बस स्टैंड, पुटली कट, कैवाड़पुरा, परागपुरा, पवता, बावड़ी मोड़ और जयपुर में होंगे।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चोटाला 20 अक्टूबर को भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में ऊलुपुरा, चोंकरवाड़ा, टिल चिवी, हलैना, अरोदा, देहरा मोड़, महावा, सेवड तिडाहा, सारस चौराहा, ट्रैफिक चौराहा, बिजली घर भरतपुर, काली बगीची, हीरादास चौराहा, कुम्हेर गेट, भरतपुर, आरबीएम हॉस्पिटल, कृष्ण नगर, राजा मानसिंह सर्कल, गोपाल नगला, बचमड़ी, नगला बेरला, बजहेड़ा, पिडानी, उंद्रा और चिकशाना में रोड शो करेंगे।

# राज्यवर्धन राठौड़ को बाहरी बताए जाने पर पूर्व सैनिकों में रोष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी ने झोटवाड़ा विधानसभा सीट से जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को कैंडिडेट बनाया है। संभवत: ये पहली बार है जब एक सैनिक को जयपुर की विधानसभा सीट से विधायक पद का उम्मीदवार बनाया गया है। उनका नाम फाइनल होने के बाद से ही झोटवाड़ा क्षेत्र में ये बात फैलाई जाने लगी कि राठौड़ तो बाहरी हैं, क्षेत्र में दिखते नहीं हैं, उन्हें टिकट क्यों दिया गया। राठौड़ को बाहरी बताए जाने की बात को लेकर राज्य के पूर्व सैनिकों ने नाराजगी जाहिर की है। पूर्व सैनिकों ने कहा कि सैनिक कभी भी बाहरी नहीं होता। एक सैनिक को टिकट मिलना गौरव की बात है और स्वच्छ छवि और शानदार व्यक्तित्व के धनी को टिकट देकर भाजपा ने बहुत ही अच्छा निर्णय लिया है। राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि वे ज्यादा से ज्यादा टिकट सैनिकों को दें।

पूर्व सैनिकों ने कहा कि एक साफ छवि के उम्मीदवार का चयन होने से उस विधानसभा क्षेत्र में काफी प्रभाव पड़ता है। आज भी भारत की फौज और सैनिकों पर जनता का विश्वास है। ऐसे में एक सैनिक को चुनाव लड़ाना बहुत ही साहसिक कदम है और उन्हें उम्मीद है कि आगे भी सैनिकों को टिकट दिए जाने का सिलसिला जारी रहेगा।

पूर्व सैनिकों ने ये भी कहा कि इस तरह का निर्णय लेना आसान काम नहीं है। राजनीति में कहा कुछ और जाता है, किया कुछ और। सबसे बड़ी बात तो ये है कि एक सैनिक जो कहता है वो करता है, झूठे वादे नहीं करता। फौज में रहते हुए देश सेवा और राजनीति में आकर जनता की सेवा करने का भाव। सैनिक ईमानदारी और निष्पक्ष भाव से जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन करता है और उन्हें विश्वास है कि राज्यवर्धन राठौड़ भी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरकर जीत हासिल करेंगे और पूरे क्षेत्र का विकास करेंगे। राजस्थान में इस बार सवा 5 करोड़ से ज्यादा मतदाता नई सरकार चुनेंगे। राज्य की सबसे बड़ी विधानसभा, जयपुर ग्रामीण के तहत आने वाली झोटवाड़ा विधानसभा है, जहां सबसे ज्यादा 4 लाख 20 हजार से ज्यादा मतदाता हैं। इसमें 2 लाख से ज्यादा महिलाएं और 2 लाख 18 हजार से ज्यादा पुरुष मतदाता हैं। राजधानी जयपुर का पृथ्वीराज नगर उत्तर, वैशाली नगर, कालवाड़ रोड, सिरसी रोड से लगती कॉलोनियों के साथ-साथ जोबनेर तक का हिस्सा झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आता है। झोटवाड़ा ही एक मात्र ऐसी विधानसभा सीट है, जहां 4 लाख से ज्यादा मतदाता हैं।



# पत्नी के आत्महत्या करने की सूचना के बाद पति ने भी आत्महत्या की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान के अलवर जिले में बानसूर के गांव धीरपुर में एक विवाहिता के फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की सूचना के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में तैनात जवान ने भी अपने कार्यस्थल पर सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार एक विवाहित महिला ने ससुराल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का पति बीएसएफ में जम्मू के कुपवाड़ा में तैनात है। पत्नी की मौत की खबर का पता चलते ही जवान ने भी अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पति पत्नी के एक साथ आत्महत्या करने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। घटना भी बीती रात की है। घटना के कारणों का अभी कोई पता नहीं चला है।

जानकारी के अनुसार राजेन्द्र (27) पुत्र बुधराम यादव निवासी धीरपुर बीएसएफ में जम्मू के कुपवाड़ा में तैनात था। उसकी 22 फरवरी 2023 को अंशु निवासी रतनपुरा से शादी हुई थी। शादी के आठ महीने बाद ही दोनों पति-पत्नी ने एक साथ आत्महत्या कर ली। पत्नी ने अपने ससुराल में मंगलवार की रात घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली और पति ने बीएसएफ में अपनी ही रिल्वावर से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पति और पत्नी के बीच फोन पर बातचीत होती रहती थी किन कारणों से आपस में मन मुटाव हुआ अभी तक इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है। एसएचओ ने बताया कि अंशु के आत्महत्या की जानकारी मिली है। मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## स्वागत



जयपुर में बुधवार को विद्याधर नगर मंडल के युवा मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।

# ऐसी डिवाइस जिससे नहीं लगेगा बिजली का करंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।राजस्थान में एक कंपनी ने ऐसा उपकरण तैयार किया हैं जिसके घर में लगाने पर बिजली के नंगे तार के छू जाने पर भी करंट नहीं लगेगा। जिसकी अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर भी मांग बढ़ने लगी है।

सेफआन पावर प्यूरिफाई डिवाइस नाम के उपकरण की निर्माता कंपनी पुंटो कॉर्पोरेशन प्रा.लि. जयपुर ने बुधवार को मीडिया को बताया कि हर स्तर पर अपनी दक्षता में खरी उतरी इस डिवाइस के भारत में अच्छे परिणामों की बदौलत अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग बढ़ने लगी है। इसलिए डिवाइस को ओमान, ईरान, दुबई, हॉलैंड एवं नीदरलैंड में पेटेंट करवाकर इसके विक्रय करने की तैयारी है। डिवाइस के गहन अध्ययन एवं तकनीकी सहयोग के लिए नीदरलैंड सरकार की संस्था पम के वरिष्ठ विशेषज्ञ पीटर आलिरुक जयपुर आये हैं।

आलिरुक करीब 15 दिन तक सेफआन पावर प्यूरिफाई डिवाइस की निर्माता कंपनी पुंटो कॉर्पोरेशन प्रा.लि. जयपुर के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट पर कंपनी के इंजिनियर्स के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। इस अवसर पर मौजूद आलिरुक ने भारत की तकनीक की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत की तकनीक ने उन्हें बहुत प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि इस डिवाइस को अच्छी तरह देखा और समझा हैं जो एक अदभुत एवं बेहतरीन उपकरण हैं। प्रेस वार्ता में बताया गया कि यह ऐसा उपकरण है कि बिजली का शार्ट सर्किट होने पर बिजली की आपूर्ति बंद हो जायेगी और शार्ट सर्किट ठीक होने के बाद उपकरण फिर से अपना काम शुरु कर देगा। इस उपकरण का उपयोग किलोवाट के हिसाब उपयोग किया जा सकेगा और पांच किलोवाट की क्षमता पर एक उपकरण की कीमत करीब 32 हजार रुपए होगी जो कम से कम हैं। यह पहला ऐसा उत्पाद है जिस पर बीमा भी मिलेगा। इसके लगाने के बाद बिजली से किसी प्रकार के हादसे की संभावना कम है लेकिन इसके बाद भी उपकरण के काम नहीं करने पर हुए किसी हादसे पर 50 लाख रुपए का बीमा मिलेगा।

एमएनआईटी के इनोवेशन एंड इन्क्युबेशन सेंटर जयपुर के तकनीकी सहयोग से इस डिवाइस को करीब नौ साल बाद केन्द्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार विभाग (आईपीआरडी) की ओर से पेटेंट मिल चुका है। इसे सेफ्टी प्रोफेशनल्स एसोसिएशन आफ इंडिया ने भी प्रमाणित किया है वहीं सेफआन पावर प्यूरिफाई को केंद्र सरकार की ओर से एसएसआई लाइसेंस मिल चुका है।

पुंटो के डायरेक्टर धर्मराज बोथरा ने बताया कि इस डिवाइस का अपग्रेडेशन करने के साथ इसकी साइज एवं वजन को कम कर इसके लागत मूल्य को कम करके मध्यम वर्ग की पहुंच तक लाना मुख्य उदेश्य है। बोथरा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर के नवाचारी स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार के डिपॉर्टमेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीएसटी) द्वारा देशभर के 75 स्टार्टअप्स का चयन किया गया, जिसमें राजस्थान से एकमात्र कंपनी पुंटो के इस डिवाइस का चयन किया गया।



# रचनात्मक गतिविधियों से जाना वोट का महत्व

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

फलोदी। महिला अधिकारिता विभाग, आईसीडीएस विभाग एवं राजीविका के पारस्परिक समन्वय से पंचायत समिति फलोदी परिसर में स्वीप अन्तर्गत विविध मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन हुआ। उपनिदेशक आईसीडीएस विभाग सीमा बत्रा, संरक्षण अधिकारी महिला अधिकारिता सुनीता बेनीवाल, राजीविका के ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक कुमार विभागीय अधिकारियों के सानिध्य में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में अनुसूया, महेश, राकेश, क्लस्टर प्रभारी निशा लोहिया, अनोपी, सीएलएफ पदाधिकारी रेखा, अनिता और परामर्शदाता मंजू, परामर्शदाता ज्योति महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र फलोदी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, साथिन, आम महिलाओं सहित 198 लोगों ने भाग लिया। स्वीप जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा मतदान हेतु शपथ ली गयी तथा मतदान जागरूकता हेतु रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित कर आमजन को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

प्रतिभागियों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान संबंधी आकृति बनाकर मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने अपने अपने मतदाता पहचान पत्र एवं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान बनाकर ग्रुप फोटो के माध्यम से मतदान हेतु प्रेरित किया। विभागीय अधिकारियों ने महिलाओ की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रैली पंचायत समिति फलोदी से रवाना होकर नगर पालिका ऑफिस पहुंचकर सम्पन्न हुई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत इन गतिविधियों के माध्यम से सभी महिलाओ एवं बालिकाओं को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु मजबूत लोकतंत्र में सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही शपथ के माध्यम से मतादाताओ से मतदान दिवस के दिन ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गयी ताकि फलोदी के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर शत प्रतिशत मतदान हो सके।

## छात्रा ने छात्रावास से कूद कर आत्महत्या की

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले के सदर थानाक्षेत्र में एमबीबीएस की एक छात्रा ने बुधवार सुबह डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की तीसरी मंजिल से कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। हेड कांस्टेबल पोपटलाल ने बताया कि भरतपुर निवासी सुधांशी सिंह (22) ने डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की तीसरी मंजिल से कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि सुधांशी सिंह एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी और छात्रावास में कमरे में अकेली रहती थी। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। उन्होंने कहा कि भरतपुर से परिजनों के यहां पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।

# सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बुजुर्ग की पगड़ी उछालते नजर आ रहे हैं कांग्रेस विधायक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*जयपुर। राजस्थान में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी कथित तौर पर एक बुजुर्ग व्यक्ति की पगड़ी को लात मारते और उछालते नजर आ रहे हैं। विधायक ने कहा कि यह संपादित वीडियो है और दो साल पुराना है, जिसे उनके राजनीतिक विरोधियों ने चुनाव के दौरान बदनाम करने के लिए वायरल किया है। उन्होंने कहा कि वह वीडियो वायरल करने वाले शख्स के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी दायर करेंगे।*

*भाजपा नेताओं ने वीडियो पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह कांग्रेस का चरित्र और चेहराहै। वायरल वीडियो में विधायक अपनी शिकायत लेकर आए एक बुजुर्ग की पगड़ी पर लात मारते दिख रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ से लोकसभा सदस्य सी पी जोशी ने कहा कि इस घटना का वीडियो भले ही पुराना हो लेकिन यही कांग्रेस का चाल-चरित्र और चेहरा है। जोशी ने कहा कि राजस्थान में पगड़ी को आन-बान और शान का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा, 'एक जन प्रतिनिधि द्वारा पगड़ी को लात मारना निंदनीय है।'*

*उन्होंने कहा एक तरफ कांग्रेस जन सम्मान जय राजस्थान का नारा देती है, वहीं दूसरी तरफ उनके विधायक शिकायतकर्ता की पगड़ी पर लात मारकर उसका अपमान करते हैं। उन्होंने कहा यह सिर्फ एक उदाहरण है, पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों को अपमानित करने का काम किया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, राजस्थान में पगड़ी को आन-बान-शान और सम्मान माना जाता है।*

# भाजपा को धर्मनिरपेक्षता न सिखाए कांग्रेस: हिमंत विश्व शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि पार्टी भाजपा को धर्मनिरपेक्षता न सिखाए क्योंकि इसकी आड़ में लव जिहाद, धर्मांतरण और हिंदुओं की हत्या को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए वह एक कानून लाने जा रहे हैं । छत्तीसगढ़ के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता ने भूपेश बघेल सरकार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि राज्य में लव जिहाद एवं



धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ रही है।

शर्मा ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में वापस आती है तो ऐसे मुद्दे अगले स्तर तक पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा, ''देश में लव जिहाद की शुरुआत कांग्रेस शासन के दौरान हुई। असम और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों को प्रतिदिन धर्म परिवर्तन (ईसाई धर्म अपनाने) के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जब लोग (छत्तीसगढ़ में) इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो भूपेश बघेल कहते हैं कि वह धर्मनिरपेक्ष हैं। क्या हिंदुओं को मारना आपकी धर्मनिरपेक्षता है। यह देश हिंदुओं का है और हिंदुओं का ही रहेगा। धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा हमें मत सिखाइये।' असम के मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारी धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा बाबा साहब आम्बेडकर और हमारी हिंदू संस्कृति द्वारा दी गई है। हम इसकी अवधारणा जानते हैं।' भाजपा नेता ने आगे कहा, 'असम में वह मुसलमानों को यह कहते हुए अपने समुदाय की महिलाओं से शादी करने के लिए कहते हैं कि अगर वे हिंदू महिलाओं से शादी करेंगे तो उनके समुदाय की महिलाओं का क्या होगा।' उन्होंने कहा, 'दिसंबर में मैं असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून बनाने जा रहा हूं।' उन्होंने कांग्रेस पर बाबर की पूजा करने (मुस्लिम आक्रमणकारी का जिक्र) और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''ये लोग बाबर के हैं, भगवान श्री राम के नहीं। जो भगवान श्री राम के हैं, वे अपने वादे पूरे करते हैं। प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी ने लोगों से किए अपने सभी वादे पूरे किए।'

## सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में मृतक संख्या बढ़कर 40 हुई, 76 लोग अब भी लापता

**गंगटोक/भाषा।** सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में दो और शव बरामद होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 40 हो गई है। दो सप्ताह पहले आई इस प्राकृतिक आपदा के बाद 76 लोग अब तक लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चार अक्टूबर को तड़के बादल फटने के कारण तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ से करीब 88,000 लोग प्रभावित हुए हैं।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, सिक्किम की आबादी करीब 6.10 लाख है जो भारत के किसी भी राज्य में सबसे कम है। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) के अनुसार, पकयोंग में सबसे अधिक शव बरामद किए गए हैं। जिले में मिले 26 शवों में से 15 आम नागरिकों तथा 11 शव सेना के जवानों के थे। एसएसडीएमए ने एक बुलेटिन में बताया कि मंगन में चार शव मिले, गंगटोक में आठ और नामची में दो शव बरामद हुए हैं।



## ओडिशा: भाजपा नेताओं ने 'गजपति महाराज' से जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को खुलवाने के लिए मदद मांगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर मोहंती के नेतृत्व में बुधवार को 'गजपति महाराज' दिब्यसिंघ देब से मुलाकात की और भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को फिर से खोलने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में पुरी के विधायक जयंत सारंगी, ब्रह्मगिरि के विधायक ललितेंदु विद्याधर महापात्र और वरिष्ठ वकील तथा नेता पीतांबर आचार्य शामिल थे, जिन्होंने यहां 'पुरी के राजा' से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अपने 24 साल के कार्यकाल के दौरान, बीजू जनता दल (बीजद) नीत सरकार ने हमेशा खजाने की सूची बनाने से परहेज किया है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इससे देश भर में भगवान जगन्नाथ के भक्तों के बीच संदेह और रोष पैदा हो गया है। चूंकि 'गजपति महाराज' श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष भी हैं, इसलिए भाजपा नेताओं ने सरकार से अविलंब रत्न भंडार खोलने की सिफारिश करने के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग की।

मोहंती ने आवश्यक मरम्मत और सूची बनाने के लिए रत्न भंडार को फिर से खोलने को लेकर सरकार को आदेश देने का अनुरोध करते हुए उड़ीसा उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है।



## कुकी जो महिलाओं ने राज्यपाल उइके को रास्ते में रोका, अलग प्रशासन की मांग की

**चुराचांदपुर/भाषा।** मणिपुर की राज्यपाल अनुसूइया उइके को चूराचांदपुर कस्बे में 'वॉल ऑफ रिमेंम्ब्रेंस' के पास कुकी जो समुदाय की कुछ महिलाओं ने सुबह करीब 10.40 बजे रोक लिया और अपने लिए अलग प्रशासन की मांग की। पुलिस ने यह जानकारी दी।

राज्यपाल जिले में ईसीए चर्च सोंगगेल और ईसीए चर्च तुइबोंग में स्थित दो राहत शिविरों का दौरा करने जा रही थीं, तभी उन्हें रोका गया। राज्य में गत तीन मई को भड़की जातीय हिंसा के बाद से इन शिविरों में सैकड़ों कुकी लोगों ने शरण ले रखी है। उइके ने रास्ते में महिलाओं को देखा तो वह अपनी गाड़ी से उतरीं और उन्हें बताया कि वह राहत शिविरों में लोगों की स्थिति देखने आई थीं। राज्यपाल ने कहा कि वह देखना चाहती थीं कि पिछले चार महीने से राहत शिविरों में रहने वाले लोगों के लिए पर्याप्त चिकित्सा आपूर्ति हो पा रही है या नहीं। एक अधिकारी के अनुसार, राज्यपाल ने महिलाओं से कहा कि उन्होंने अनेक मंचों पर कुकी जो समुदाय के लोगों के मुद्दे को उठाया है, जिसके बाद उन्हें जाने दिया गया। चूराचांदपुर के उपायुक्त धरुन कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि राहत शिविरों की ओर जा रहीं राज्यपाल को रास्ते में रोकना सही बात नहीं है। उन्होंने कहा, ''यदि कोई आपके इलाके में आता है तो आपकी जिम्मेदारी है कि उनका स्वागत करें। राज्यपाल जनता के लिए कुछ अच्छा करना चाहती हैं और उनके साथ हुआ व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है।''

## आजम खां पर उनके धर्म की वजह से हो रहा है अन्याय : अखिलेश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खां, उनकी पत्नी और बेटे को फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में रामपुर की एक अदालत द्वारा सात साल की सजा सुनाये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि खां के धर्म की वजह से उनके साथ अन्याय हो रहा है।

सपा द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किये गये एक वीडियो में यादव ने कन्नौज में संवाददाताओं से बातचीत में खां और उनके परिजन को सजा सुनाये जाने के सवाल पर कहा, 'मुझे तो यह लगता है कि कहीं धर्म के कारण उनके (आजम) साथ इतना अन्याय न हो रहा हो। सबको यकीन है और सब जानते हैं कि उन पर इसीलिये अन्याय हो रहा है कि उनका धर्म दूसरा है।' उन्होंने कहा, 'आजम खां साहब पर लगातार इसी तरह का हमला हो रहा है और बड़ी साजिश की वजह से उनके साथ इस तरह का व्यवहार हो रहा है। भाजपा के नेता और कुछ बाहर से लाये गये अधिकारी उनके खिलाफ पहले ही दिन से साजिश करते रहे हैं। हो सकता है कि मैं गलत कहूं, हो सकता है कि लोग मुझ पर टिप्पणी करें लेकिन यह भी हो सकता है कि उन्होंने यूनिवर्सिटी (मौलाना मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर) बना दी, इसीलिये उन्हें यह सजा मिल रही है।'

## ओडिशा में साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरापुट (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा के कोरापुट जिले में एक साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जयपुर के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) हर्ष बी. सी. ने कहा कि आरोपियों के पास से धोखाधड़ी के लिए जाली दस्तावेज बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली कई सामग्री जब्त की गईं। उन्होंने कहा कि जयपुर थाना सीमा के तहत कालियागांव इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसके बैंक खाते से संदिग्ध लेनदेन हुआ है, जिसके बाद जांच शुरू की गई थी।

एसडीपीओ ने कहा, एक आरोपी ने शिकायतकर्ता से संपर्क करके उसे 1.40 लाख रुपये का ऋण दिलाने का वादा किया था और उसे किसी निजी बैंक की एक शाखा में खाता खोलने के लिए कहा था। इसके बाद, आरोपी ने शिकायतकर्ता की बैंक पासबुक, आधार और एटीएम कार्ड जानकारी ले ली। जांच से पता चला कि 27 सितंबर से तीन अक्टूबर के बीच खाते से कुल दो करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन किया, इसके बाद खाते से लेनदेन पर रोक लगा दी गई। एसडीपीओ ने कहा, जांच के दौरान पता चला कि गिरोह ने विभिन्न शहरों के लोगों को धोखा दिया था, और पीड़ितों की सही संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है। पुलिस ने गिरोह द्वारा धोखाधड़ी में इस्तेमाल की गई कई वस्तुओं को जब्त कर लिया, जिनमें तीन लैपटॉप, एक टैबलेट, बायोमेट्रिक उपकरण, 10 नोटरी रबर स्टांप, 26 एटीएम कार्ड, छह मोबाइल फोन, एक टेलर मशीन, एक प्रिंटर और 23,500 रुपये नकद शामिल हैं। जयपुर सदर थाने के प्रभारी निरीक्षक ईश्वर टांडी ने कहा, अपराधियों ने धोखाधड़ी के लिए जाली रबर स्टांप और नकली शपथ पत्र भी बनाए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक सेमिलिगुडा शहर का रहने वाला है और दो अन्य भुवनेश्वर के निवासी हैं।

## गोरखपुर में बनेगा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोरखपुर में प्रस्तावित पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को महाविद्यालय स्थापना के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में स्थापित होने जा रहा यह महाविद्यालय, पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा से सम्बद्ध होगा जो कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के पशुपालकों के लिए सर्वथा उपयोगी होगा। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, ''प्राचीन काल में शालिहोत्र रचित 'शालिहोत्र संहिता' में उल्लेखित 12000 से अधिक श्लोक पशु चिकित्सा में हमारा बेहतर मार्गदर्शन करते हैं। आधुनिक युग में इस क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है। बड़ी संख्या में युवा इस क्षेत्र में शोध-अध्ययन-अध्यापन से जुड़ने को उत्सुक हैं।'' महाविद्यालय के स्वरूप पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि तीन चरणों में विकसित होने वाले इस महाविद्यालय के लिए 80 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विशाल परिसर में हॉस्पिटल ब्लॉक, अकादमिक खंड, कर्मचारी आवास, छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी विभिन्न विधाओं के शोध अध्ययन केंद्रों की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े पशुओं के लिए भूतल और छोटे के लिए सुविधानुसार प्रथम तल पर चिकित्सा व्यवस्था होनी चाहिए।

## भोजन खाने के बाद एएमयू छात्रावास की छात्राओं की तबियत हुई खराब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अलीगढ़ (उप्र)/भाषा।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के बेगम अज़ीज़ुन निसा छात्रावास की 300 से अधिक छात्राओं को तबियत खराब होने पर बुधवार सुबह जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। इन छात्राओं की तबियत मंगलवार रात का खाना खाने के बाद खराब होने लगी थी।

अलीगढ़ मुस्लिम विविका बेगम अज़ीज़ुन निसा हॉल छात्राओं का एक छात्रावास हैं, जिसमें 1,500 छात्राएं रह सकती हैं। अस्पताल के प्राचार्य एवं मुख्य अधीक्षक डॉ. हारिस मंजूर खान ने कहा, जिन छात्राओं का इलाज किया जा रहा है, वे खतरे से बाहर हैं और तत्काल चिकित्सा उपचार देने के बाद उन्हें छुट्टी दी जा रही है। डॉ. खान ने बताया, छात्राएं तबियत खराब होने के बाद अस्पताल में आने लगीं, हमने लगभग 300 छात्राओं का इलाज किया है। उनमें सुधार दिखने पर हमने उन्हें छुट्टी दे दी। हम बेगम अज़ीज़ुन निसा हॉल में रहने वाली सभी लड़कियों की स्वास्थ्य स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## ओडिशा में राष्ट्रपति मुर्मू के पैतृक स्थान पर पहली यात्री ट्रेन को रेलवे की मंजूरी

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के आदिवासी बहुल मयूरभंज जिले को चार जोड़ी ट्रेनों में से तीन ट्रेन मिल गई हैं। अधिकारियों यह जानकारी दी है। भारतीय रेलवे ने हाल ही में इन ट्रेनों को मंजूरी दी थी। नई ट्रेनों में कोलकाता (शालीमार)-बदामपहाड़-कोलकाता (शालीमार) साप्ताहिक एक्सप्रेस, बदामपहाड़-राउरकेला-बदामपहाड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस, राउरकेला-टाटानगर-राउरकेला (सप्ताह में 6 दिन) और टाटानगर-बदामपहाड़-टाटानगर (सप्ताह में 6 दिन) शामिल हैं। पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) द्वारा जारी बयान में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, यह पहली बार है कि टाटा-बदामपहाड़ मार्ग पर मेल/एक्सप्रेस ट्रेन कनेक्टिविटी होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पैतृक स्थान रायरंगपुर और मयूरभंज जिले के बदामपहाड़ को अब मेल या एक्सप्रेस ट्रेन मिलेगी।

## नीतीश कुमार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पुरानी बातों की याद दिलायी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राष्ट्रपति के तौर पर बिहार के पहले दौरे पर आयीं द्रौपदी मुर्मू को पुरानी बातों की याद दिलायी। कुमार ने करीब एक वर्ष पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ लिया था। वह केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर अपेक्षित सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते रहे हैं।

कुमार ने अपनी सरकार के चौथे कृषि रोडमैप की शुरुआत के मौके पर बोलते हुए, मुर्मू के साथ व्यक्तिगत संबंध होने का उल्लेख किया। मुर्मू का यह राष्ट्रपति के तौर पर बिहार का पहला दौरा है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता कुमार ने कहा, ''मैं माननीय राष्ट्रपति को उन दिनों से जानता हूं जब मैं स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री था। वह अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुझसे संपर्क करती थीं, जिन्हें मैं अपनी क्षमता से हल करने का पूरा प्रयास करता था।'' मुर्मू ओडिशा में विधायक रह चुकी हैं जहां भाजपा का राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजद के साथ गठबंधन था लेकिन दोनों दल वर्ष 2009 में अलग हो गए थे। कुमार ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मुर्मू की उम्मीदवारी को अपनी पार्टी के समर्थन का परोक्ष तौर पर उल्लेख भी किया। बिहार में भाजपा के साथ जदयू के नाता तोड़ने से करीब एक महीने पहले ही मुर्मू राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित हुई थीं।

## पश्चिम बंगाल के झारग्राम में हथिनी के हमले में दो लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**झारग्राम (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम जिले में बुधवार को अपने बच्चे की मौत से गुस्साई एक हथिनी ने दो बुजुर्गों को मार डाला। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि हथिनी ने नयाग्राम में चंदबिला वन रेंज में लोकप्रिय रामेश्वर मंदिर के पास एक बस और एक मोटरसाइकिल पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि हथिनी के बच्चे की मौत हो गई थी, जिसका शव देखने लोग वहां गए थे। इस दौरान हथिनी ने उन पर हमला कर दिया और दो लोगों को जमीन पर पटक दिया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान नयाग्राम थाना क्षेत्र के देउलबार गांव के निवासी आनंद जना (60) और पड़ोसी बिरिबरिया के रहने वाले शशधर महता (60) के रूप में हुई है। खड़गपुर के डीएफओ शिवानंद राम ने कहा, कुछ लोग चंदबिला वन रेंज में हाथी के बच्चे का शव देखने गए और हथिनी ने उन पर हमला कर दिया। दो बुजुर्गों को छोड़कर उनमें से अधिकांश भागने में सफल रहे। हाथी ने उन्हें जमीन पर पटक दिया और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# रोहित एकदिवसीय रैंकिंग में छठे पायदान पर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** मौजूदा विश्व कप में शानदार लय में चल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में पांच स्थान के सुधार के साथ बल्लेबाजों की सूची में छठे पायदान पर पहुंच गये हैं। रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन की आक्रामक पारी खेलने के बाद चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 63 गेंद में 86 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक लगातार दो शतकीय पारियों (श्रीलंका के खिलाफ 100 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 109) के बाद छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गये। उन्होंने टीम के साथी खिलाड़ी रासी वैन डर डुसेन को चौथे स्थान पर खिसका दिया। डिकॉक इस सूची में और ऊपर चढ़ने में नाकाम रहें क्योंकि नीदरलैंड के खिलाफ वह महज 20 रन की पारी ही खेल सके।

इस सूची में बड़ा सुधार करने वालों में अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (19 स्थान के सुधार के साथ 18वें पायदान) और नीदरलैंड के कप्तान



स्कॉट एडवर्ड्स (16 स्थान के सुधार के साथ 27वें पायदान पर) शामिल हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने क्रमश: इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

रैंकिंग में शुभमन गिल दूसरे जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर मौजूद है। गिल बीमारी के कारण विश्व कप के शुरुआती दो मैचों को नहीं खेल सके जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 12 रन बनाये। इससे बाबर को शीर्ष पर अपनी स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया।

## जब आपका ध्यान सिर्फ अधिक सफल टीमों पर होगा तो उलटफेर होंगे: कोहली



**पुणे/भाषा।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को कहा कि विश्व कप में कोई 'बड़ी टीम' नहीं हैं और इस टूर्नामेंट में जब लोग सिर्फ अधिक सफल टीमों की बात करते हैं तो उलटफेर की संभावना अधिक होती है। कोहली का यह बयान मौजूदा विश्व कप में दो बड़े उलटफेरों के बाद आया है। अफगानिस्तान ने रविवार को नई दिल्ली में इंग्लैंड को 69 रन से हराया, वहीं नीदरलैंड ने मंगलवार को धर्मशाला में बारिश से बाधित मैच में दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराकर इस खेल के इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार के मैच से पहले 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, '' विश्व कप में कोई बड़ी टीमें नहीं हैं। जब भी आप केवल अधिक सफल टीमों पर ध्यान केंद्रित करना शुरू करते हैं, तो निराशा होती है।'' भारत 2007 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो चुका है। टीम इसके बाद हालांकि लगातार तीन बार इस टीम पर दबदबा बनाने में सफल रही है। कोहली ने कहा कि भारतीय टीम को बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन के खिलाफ सतर्क रहना होगा। भारतीय बल्लेबाज ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में मैंने उनके (शाकिब) खिलाफ काफी खेला है। उनके पास अद्भुत नियंत्रण है. वह अनुभवी गेंदबाज हैं. वह नई गेंद से भी बहुत अच्छी गेंदबाजी करते हैं। वह बल्लेबाज को फंसाने के लिए जाने जाते हैं और काफी किफायती रहते हैं।''

## कांग्रेस सत्ता में आई तो होगी अडाणी समूह के मामले की जांच: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को अडाणी समूह पर कोयले के आयात में ज्यादा कीमत दिखाकर 12 हजार करोड़ रुपये की अनियमितता का आरोप लगाया और कहा कि 2024 में उनकी पार्टी को केंद्र में सरकार बनाने का मौका मिला तो इस कारोबारी समूह से जुड़े मामले की जांच कराई जाएगी।

कांग्रेस नेता ने ब्रिटिश अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' की एक खबर का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस संदर्भ में 'मदद करना चाहते हैं' कि प्रधानमंत्री अडाणी समूह के मामले की जांच कराएं और अपनी विश्वसनीयता बचाएं। उन्होंने उद्योगपति गौतम अडाणी से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार की मुलाकातों को लेकर कहा कि पवार देश के प्रधानमंत्री नहीं हैं और अडाणी का बचाव भी नहीं कर रहे हैं, इसलिए वह राकांपा नेता से सवाल नहीं करते । राहुल गांधी ने 'फाइनेंशियल टाइम्स' की जिस खबर का हवाला दिया उसमें कहा गया है कि 2019 और 2021 के बीच अडाणी के



31 लाख टन मात्रा वाले 30 कोयला शिपमेंट का अध्ययन किया गया, जिसमें कोयला व्यापार जैसे कम मुनाफे वाले व्यवसाय में भी 52 प्रतिशत लाभ पाया गया तथा यह राशि करीब 12000 करोड़ रुपये हो सकती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा, ''पहले हमने 20 हजार करोड़ रुपये की बात की थी और सवाल पूछा था कि ये पैसा किसका है, कहां से आया? अब पता चला है कि 20 हजार करोड़ करोड़ रुपये का आंकड़ा गलत था, उसमें 12 हजार करोड़ रुपये और जुड़ गए हैं। अब कुल आंकड़ा 32 हजार करोड़ रू का हो गया है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''अडाणी जी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक वो कोयला हिंदुस्तान पहुंचता है, उसका दाम दोगुना हो जाता है। इस तरह तकरीबन 12 हजार करोड़ रुपये अडानी जी ने हिंदुस्तान की जनता की जेब से निकाले हैं। यह सब कोयले की

## सुविचार

**जिंदगी गुजर रही है इम्तिहानो के दौर से, एक जखम भरता नहीं और दूसरा आने की जिद करता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# चीनी पैंतरे

भारत में घुसपैठ और जासूसी के लिए चीन नित नए पैंतरे आजमा रहा है, जिसके मद्देनजर हमें बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। देश की एक प्रमुख खुफिया एजेंसी द्वारा इस संबंध में अलर्ट जारी कर यह बताना कि 'चीनी एजेंट खुद को नेपाली बताकर यहां आने की कोशिश कर रहे हैं और उनके निशाने पर कई शहर हैं', से पता चलता है कि अगर ड्रैगन डाल-डाल है, तो हमारी एजेंसियां पात-पात हैं। चीनी खुफिया नेटवर्क को नष्ट करने के लिए यह जरूरी है कि न केवल इसके मंसूबों का पता लगाया जाए, बल्कि उन लोगों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई भी की जाए। चीन अपने खुफिया नेटवर्क के लिए नेपाली पहचान का इस्तेमाल इसलिए करता है, क्योंकि नेपाल-भारत के घनिष्ठ संबंध हैं ... लोग आसानी से एक-दूसरे के देश में आवागमन कर सकते हैं ... दोनों देशों में हिंदू धर्म के प्राचीन मंदिर व तीर्थ स्थित हैं, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालु आते-जाते हैं, उन पर कोई संदेह नहीं करता। ... इसके अलावा चेहरे-मोहरे के आधार पर चीनियों के लिए नेपाली बनकर अपनी पहचान छिपा लेना आसान है। नेपाल और भारत में बहुत बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जिनकी परस्पर रिश्तेदारियां हैं। दोनों देशों की सरहद पर बहुत ज्यादा सख्ती नहीं है। इसका फायदा घुसपैठिए भी उठा लेते हैं। याद करें, सीमा हैदर भी चार बच्चों को लेकर नेपाल के रास्ते भारत आ गई थी। नेपाल पर चीन की लंबे अरसे से नजर है। वह इस पड़ोसी देश में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कई हथकंडे इस्तेमाल कर रहा है। उसने नेपाल के राजनीतिक व सामाजिक संगठनों में घुसपैठ कर रखी है। वह इनके नेताओं व कार्यकर्ताओं को धन उपलब्ध कराता है। नेपाल में एक पूर्व चीनी राजदूत पर तो हनीट्रैप जैसे गंभीर आरोप लग चुके हैं। कहा जाता है कि उसकी पहुंच शीर्ष राजनेताओं के कार्यालयों तक थी। नेपाल के कई नेता उसके मोहपाश में आकर भारत के खिलाफ अनर्गल बयान देने लगे थे।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी संपूर्ण विश्व में अपना नेटवर्क स्थापित करना चाहती है। इसके लिए तकनीकी उपकरणों का सहारा लिया जाता है, लेकिन परंपरागत विकल्प ज्यादा भरोसेमंद होते हैं। अमेरिका में कई बार चीनी जासूस पकड़े जा चुके हैं। उनमें से ज्यादातर का तरीका यह था कि सामरिक महत्त्व की जगह के आस-पास ठिकाना बनाएं, वहां संपत्ति खरीदें, फिर सूचनाएं भेजते रहें। यूरोप के कई इलाकों में तो चीन ने गुप्त पुलिस थाने बना रखे हैं। इनके जरिए उन लोगों पर नजर रखी जाती है, जो चीन के अत्याचार की पोल खोलते हैं। खासतौर से उइगर समुदाय के वे लोग, जो ड्रैगन के पंजे से निकलकर यूरोप में शरण ले चुके हैं। भारत में चीन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संस्थानों के अलावा तिब्बती समुदाय की जासूसी करवाता है। चीन किसी सूरत में नहीं चाहता कि उसके आस-पास स्थित कोई देश उससे ज्यादा शक्तिशाली हो। वह भारत में अपना माल खपाने के लिए भी ऐसे नेटवर्क का इस्तेमाल करता है, जिससे उसे भारतीय उपभोक्ता बाजार की पर्याप्त जानकारी मिलती रहे। इसके अलावा, वह तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा और अन्य नेताओं की जासूसी करवाने की कोशिश करता है। दिसंबर 2022 में बोधगया के कालचक्र मैदान के पास एक चीनी महिला को हिरासत में लिया गया था। वह बौद्ध भिक्षु बनकर आई थी। उस पर जासूसी जैसे गंभीर आरोप लगे थे। वह नेपाल भी गई थी। जुलाई 2023 में नेपाल सीमा से घुसपैठ करते हुए एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया था। उस पर जासूसी का संदेह था। चीन अपनी संस्कृति और भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए 'अध्ययन केंद्र' चलाता है। नेपाल में ऐसे कई अध्ययन केंद्र खुल चुके हैं, जो कहने को तो सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन उनका असल मकसद उस देश में जड़ें जमाना और जासूसी नेटवर्क तैयार करना है। चीन के ये मंसूबे पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। इनका पर्दाफाश करते हुए सतर्क रहना ही बेहतर है।

## ट्वीटर टॉक



कुछ अधिकारियों द्वारा प्रदेश के हजारों बीएससी नर्सिंग स्टूडेंटस के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आश्चर्यजनक है कि सरकारी संस्थाओं ने तो आईएनसी से मान्यता ली है और प्राइवेट संस्थाओं को इससे छूट दी जा रही है।

**राजेन्द्र राठौड़**



अडानी जी का कोयला इंडोनेशिया से भारत पहुंचते-पहुंचते छ12,000 करोड़ महंगा हो जाता है! ये पैसा अडानी जी, बिजली बिल बढ़ा कर, आपकी जेब से, खुले आम चोरी कर रहे हैं। और वो चोरी से डरते क्यों नहीं? क्योंकि प्रधानमंत्री खुद उनकी रक्षा कर रहे हैं!

**-राहुल गांधी**



हर गांव में विकसित गांव बनाने की ज्योत जलानी है, हर तहसील में विकसित तहलीस बनाने की ज्योत जलानी है, हर जिले को विकसित जिला बनाने की ज्योत जलानी है और ऐसी लाखों ज्योत एक ऐसा प्रकाश पुंज बन जायेगी जिसे अपना देश 2047 में विकसित भारत बन के रहेगा।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

### महानता का दान

आप अब तो सबसे कहेंगे ही कि मैं दानवीर हूं। आज सुबह ही सैकड़ों भूखे लोगों को घर बुलाकर हलवा और पूरी खिलाई है। कभी आप मेरी भी प्रशंसा कीजिये तथागत।' एक अधीर-सा धनी गौतम बुद्ध के समीप आकर अनुनय-विनय करने लगा। तथागत ने अपने नयन खोले और हंसकर कहा कि मदद भी ऐसी जो सबको ढिंढोरा पीटकर बतानी पड़ी। मगर, सच्ची मदद तो वह है जो कि कुछ ऐसी हो कि सहयोग पाने वाले को लाभ हो और मदद करने वाला कभी भी जान भी न पाये कि मदद कर दी है। जैसे वह साठ साल की महिला। जो तुम्हारे पड़ोस में रहती है। उसे देखो। वह महिला पिछले कितने ही सालों से पनघट से घड़े भरकर लाती है। गीत गाती है पानी छलकता है तो अनजाने ही रास्ते के पौधे सींचती जाती है। हर रोज बासी रोटी और भात गाय को देती है तो चिड़ियां भी चुग जाती हैं तो उसे चींटी भी खाती है और मक्खी भी। सोचो इतने साल में कितनों की भूख मिटा दी होगी। निरंतर दान करती ही जा रही है रुकी नही हैं। तो अब तुम मुझे बताओ कौन है सबसे महान दानी।

## सामयिक

# अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति की जीत

**ललित गर्ग**
**मोबाइल : 9811051133**

**स्त्री-पुरुष सम्बन्ध किसी धार्मिक मान्यता के मोहताज नहीं हैं बल्कि वे व्यक्ति की स्वयं की वैज्ञानिक आवश्यकता है। नवसृजन के लिये विपरीत लिंग का मिलन ही प्रकृति है, अन्यथा विकृति है। हम अंधानुकरण के नाम पर अपनी संस्कृति एवं परम्परा को नहीं लाघ सकते। भले ही समय बदल रहा हो, परम्पराओं में भी अमूल-चूल-परिवर्तन हो रहा हो और मानवीय सम्बन्धों की नयी परिभाषाएं गढ़ी जा रही हो, भारत में भी लिव-इन रिलेशनशिप के रूप में बिना शादी के दो वयस्क स्त्री-पुरुष को साथ रहने की इजाजत मिली हो।**

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता का मुद्दा भारतीय जनजीवन में लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत मान्यता देने से इनकार कर वाकई ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच का यह फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं, जीवनमूल्यों, संस्कारों, आदर्शों और भारतीयता की जीत है। अदालत ने समलैंगिक कपल को बच्चे गोद लेने का हक भी देने से इंकार किया है। अदालत का फैसला भारतीय जन भावनाओं एवं संस्कारों की पुष्टि भी करता है साथ ही भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं आदर्शों को धुंधलाने एवं आहत करने वाली विदेशी ताकतों को चेताता है जो कि भारत का सामाजिक एवं पारिवारिक चरित्र बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। निश्चित ही अदालत का यह सराहनीय फैसला भारत की अतीत से चली आ रही विवाह परम्परा एवं संस्कृति को जीवंत रखने एवं मजबूती देने का अनूठा उपक्रम है।

कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कोर्ट कानून नहीं बना सकता, उनकी व्याख्या कर सकता है। स्पेशल मैरिज ऐक्ट में बदलाव करना संसद का काम है। निश्चित ही सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी गौर करने योग्य है। सम्मानित एवं विद्वान न्यायमूर्तियों ने यह स्वीकार किया है कि समलैंगिक सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों के एक नागरिक के नाते जो अधिकार हैं वे उन्हें मिलने चाहिए और सामाजिक क्षेत्र में अन्य नागरिकों की तरह उन्हें भी बराबर के मौलिक अधिकार दिये जाने चाहिए परन्तु जहां तक उनके आपस में ही शादी करने का मामला है तो यह विषय संसद में बैठे जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को देखना चाहिए। वैसे जो लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में खड़े थे या अब भी खड़े हैं उन्हें समझना चाहिए कि हिंदू धर्म में शादी के गहरे अर्थ है, विवाह, जिसे शादी भी कहा जाता है, दो विपरीत लिंगी लोगों के बीच एक सामाजिक या धार्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच, साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथा समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है।

विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार- का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाए रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है। शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं बल्कि वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। भारतीय परम्परा एवं संस्कृति में विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, उनका उचित पोषण करने, वंश परंपरा को आगे बढ़ाने और अपनी संतति को समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। जबकि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल जाने का अर्थ होगा प्राचीन उच्च एवं आदर्श मूल्यों पर कुठाराघात करना। पश्चिमी देशों से आंधी की तरह देश में प्रवेश कर ही इस तरह की परम्पराओं को लेकर आम जनता में समर्थन बढ़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, इसलिये वस्तुतः देश में समलैंगिक विवाह को लेकर दो तरह की धारणाएं रही हैं। देश में एक बड़ा वर्ग इसे कानूनी और सामाजिक-धार्मिक स्तर पर मान्यता देने का विरोधी रहा है। वह इसलिए भी कि भारतीय समाज में इस तरह की स्वच्छंद, उच्छृंखल एवं स्वैच्छाचारी जीवन शैली की अनुमति कहीं नहीं है। वैसे भी कानून बनाने की जहां भी बात आती है वहां यह अपेक्षा जरूर रहनी चाहिए कि संस्कृति व परम्पराओं की अनदेखी नहीं हो। हां, गिने-चुने लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्षधर भी हो सकते हैं।

अब अदालत ने यह मुद्दा संसद के हवाले कर दिया है, लेकिन अहम सवाल यह भी है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनाएगी? संसद को व्यापक परिवेश में भारतीय परम्परा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को देखते हुए आगे का रास्ता बनाना चाहिए। मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख आशान्वित कर रहा है क्योंकि सरकार का तर्क है कि समलैंगिक विवाह को इसलिए मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि कानून में पति और पत्नी की परिभाषा जैविक तौर पर दी गई है। उसी के मुताबिक दोनों के कानूनी अधिकार भी हैं। समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से गोद लेने, तलाक, भरण-पोषण, विरासत आदि से संबंधित मुद्दों में बहुत सारी जटिलताएं पैदा होंगी। इन मामलों से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधान पुरुष और महिला के बीच विवाह पर आधारित हैं। पुरातन और आधुनिक सोच में फंसे इस जटिल विषय पर कानूनी मान्यता को लेकर निर्णय लेने की जिम्मेदारी अब देश की विधायिका के कंधों पर है। उम्मीद की जा सकती है कि इस पर कोई भी कानून बनाने से पहले जनभावनाओं और सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं का खास ध्यान रखा जाएगा।

भारत विविधता में एकता वाला देश है, लगभग सभी धर्म एवं सम्प्रदायों में समलैंगिक विवाहों को लेकर विरोध ही है। हाल ही में सिख समुदाय में ऐसे स्पष्ट स्वर सुनने को मिले हैं। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांतों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए कोई जगह नहीं है। अकाल तख्त ने पिछले महीने बठिंडा गुरुद्वारे में समलैंगिक विवाह कराने के बाद वहां के पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने से एक दिन पहले अमृतसर में पंज सिंह साहिबान' (पांच सिख पादरी) की एक बैठक के बाद, सिखों की सर्वोच्च लौकिक संस्था, अकाल तख्त के जत्थेदार ने इस फैसले की घोषणा की थी।

भले ही समलैंगिक यौन सम्बन्ध बनाने को सर्वोच्च न्यायालय 2018 में ही गैर आपराधिक कृत्य करार दे चुका है। इसी से प्रेरित होकर समलैंगिक समर्थक कई संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय में उनके विवाह को भी वैध करार देने की याचिका दायर की थी जिसका विरोध केन्द्र सरकार ने किया था। भला एक स्त्री का दूसरी स्त्री से, एक पुरुष का दूसरे पुरुष से विवाह कैसे परिपूर्ण माना जा सकता है? यह विवाह नहीं, एक आपसी संबंध भले ही हो, लेकिन इसे विवाह की मान्यता एवं सारे अधिकार कैसे दिये जा सकते हैं? इसलिये भारत की सामाजिक संरचना को देखते हुए यदि केन्द्र सरकार ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने का विरोध किया तो उसे किसी भी तरह गलत नहीं ठहराया जा सकता। भले ही भारत में ही प्राचीन काल में भी ऐसे उदाहरण मिले हो या धार्मिक ग्रन्थों में कई ऐसे उदाहरणों का उल्लेख हो, जो समलैंगिक सम्बन्धों की तरफ इशारा करते हैं परन्तु भारतीय समाज ने हमेशा ही ऐसे सम्बन्धों को प्रकृति के विरुद्ध यौन सम्बन्ध माना है और सामाजिक विकार की श्रेणी में रखा है। स्त्री और पुरुष का यौन सम्बन्ध ही प्रकृति को गतिशील रखते हैं। घर और कुटुम्ब का मतलब ही स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों से उत्पन्न फल का ही विस्तृत स्वरूप होता है। स्त्री-पुरुष सम्बन्ध ही प्यार या मोहब्बत की महायात्रा है और इन दोनों के यौन संबंधों से उत्पन्न संतान ही परिवार एवं वंश को आगे बढ़ाने का आधार है।

स्त्री-पुरुष सम्बन्ध किसी धार्मिक मान्यता के मोहताज नहीं हैं बल्कि वे व्यक्ति की स्वयं की वैज्ञानिक आवश्यकता है। नवसृजन के लिये विपरीत लिंग का मिलन ही प्रकृति है, अन्यथा विकृति है। हम अंधानुकरण के नाम पर अपनी संस्कृति एवं परम्परा को नहीं लाघ सकते। भले ही समय बदल रहा हो, परम्पराओं में भी अमूल-चूल-परिवर्तन हो रहा हो और मानवीय सम्बन्धों की नयी परिभाषाएं गढ़ी जा रही हो, भारत में भी लिव-इन रिलेशनशिप के रूप में बिना शादी के दो वयस्क स्त्री-पुरुष को साथ रहने की इजाजत मिली हो। अतः एक ही लिंग के यदि दो व्यक्ति साथ रहना चाहते हैं तो उनकी निजता का सम्मान करते हुए इसकी इजाजत समाज दे सकता है और उनके नागरिक अधिकारों का संरक्षण भी किया जा सकता है। लेकिन जहां तक विशेष विवाह अधिनियम (स्पेशल मैरिज एक्ट) का सवाल है वह केवल दो विपरीत लिंग के लोगों के बीच ही हो सकता है। इसमें संशोधन करने का मतलब होगा विवाह की शर्तों को बदल देने के साथ ही परिवार की परिकल्पना को ध्वस्त कर देना।

## मंथन

# राजस्थान विधानसभा चुनाव : टिकटों को लेकर पार्टियों में घमासान

**बाल मुकुन्द ओझा**

राजस्थान में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही टिकटों को लेकर कांग्रेस और बीजेपी में घमासान मचा है। दोनों ही पार्टियां टिकटों को लेकर लगातार मंथन कर रही है। बगावत की आशंका को भांपकर अपनी रणनीति को अंतिम देने के प्रयास में जुटी है। कई दिग्गजों के टिकट कटने की आशंका जताई जा रही है। भाजपा स्वयं को विचार और सिद्धांत वाली पार्टी कहती है, मगर उसके अनुशासित कहे जाने वाले नेताओं के आचरण से ऐसा कहीं नहीं लगता। यहाँ तक की संघ से दीक्षित लोग भी अनुशासन की धज्जियाँ उड़ाने में लगे है। अभी भाजपा ने 200 में से 41 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। जिसे लेकर ऊपर से नीचे तक कोहराम मच गया है। इससे भाजपा आलाकमान सकते में है और भीतरघात की आशंका से एक बारगी घबरा गए है। देश के पूर्व उप राष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत के दामाद नरपतसिंह राजवी टिकट नहीं मिलने पर आपे से बाहर हो गए। पूर्व मंत्री राजवी की बगावत देखते ही पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह उनके घर पहुंचे और पार्टी अनुशासन की दुहाई देकर उनका बयान बदल वाया। जिन सांसदों को टिकट दिया गया है उनके क्षेत्रों में भी बगावत के झंडे लहराने लगे। विशेषकर राज्यवर्धन सिंह और देवजी पटेल के क्षेत्रों में उनके विरोध में कार्यकर्त्ता सड़कों पर आकर नारेबजी करने लगे। लगभग एक दर्ज़न क्षेत्रों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों का बढ़चढ़ कर विरोध हो रहा है। पार्टी नेताओं को विश्वास है यह विरोध स्वाभाविक है और जल्द ही थम जायेगा। अभी तो भाजपा ने सिर्फ 20 प्रतिशत सीटों की घोषणा की है। जब सारी सीटों पर घोषणा हो जाएगी तब जाकर असल स्थिति सामने आएगी। इसी बीच भाजपा ने कई लोगों को पार्टी में शामिल कर अपनी स्थिति सुदृढ़ होने का दावा किया है। मारवाड़ के कद्दावर नेता रहे स्व. नाथूराम मिर्धा की पोती ज्योति मिर्घा के बाद विश्वजीत जीत सिंह मेवाड़ और भवानी सिंह कालवी भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। नेताओं के पार्टी में शामिल होने के बाद राजस्थान बीजेपी के अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा जिनकी आज पार्टी में सदस्यता हुई है वह वीर महाराणा प्रताप के वंशज विश्व राज सिंह हैं और दूसरे भवानी सिंह कालवी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.कल्याण सिंह कालवी के पोते है जिनके पिता लोकेन्द्र सिंह करनी सेना के अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस भी मारामारी की बीमारी से अछूती नहीं है। पार्टी ने अभी कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है मगर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे की खिलाफत में मोर्चाबंदी शुरू कर दी है। आरोप प्रत्यारोप में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पीछे नहीं है। उन्होंने एक बार फिर सचिन पायलेट खेमे पर जमकर हमला बोला और कह कुछ विधायकों ने 10 से 20 रूपये सरकार गिराने के लिए लिए। कांग्रेस के कार्यकर्त्ता दिल्ली जाके विरोध प्रदर्शन कर रहे है। इनमें कई वर्तमान मंत्रियों और विधायकों को टिकट नहीं देने की मांग कर रहे है। कांग्रेस में मंत्रियों के टिकट कटने की संभावना बनी हुई है जिसमें कई बड़े नाम शामिल हैं, इनमें भरतपुर के कामां से विधायक और मंत्री जाहिदा खान का जोरदार विरोध हो रहा है वहीं, कोलायत से विधायक और मंत्री भंवर सिंह भाटी, मंत्री लालचंद कटारिया, मंत्री राजेंद्र यादव, मंत्री बिजेंद्र सिंह ओला, बीडी कल्ला जैसे कई नाम है जिनके टिकट काटे जा सकते हैं। इन मंत्रियों का अपने ही क्षेत्रों में विरोध हो रहा है और सर्वे रिपोर्ट में भी इन्हें पीछे पाया गया है। यह भी बताया जा रहा है कांग्रेस में 100 से अधिक ऐसे विधायक हैं जिनके खिलाफ नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। जिन उम्मीदवारों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, उन्हें टिकट नहीं दिया जाएगा, चाहे वह गहलोत खेमे से हों या पायलट के। कांग्रेस आलाकमान सभी स्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है, इसलिए फूंक फूंक कर कदम उठाये जा रहे है।



## चिंतन

# दिखावा तेजी से फैलता एक सामाजिक रोग

**डॉ सत्यवान सौरभ**
**मोबाइल : 9466526148**

किसी भी चीज का दिखावा करने की आपको कोई जरूरत नहीं है क्योंकि इससे क्षणिक फायदा मिलता है। हमें कुछ भी काम करना है वह दूर दृष्टि को ध्यान में रखते हुए करना है। अपनी क्षमताओं को बढ़ाइए और यह सब पॉसिबल होगा जब आप अच्छी बातों को अपने जीवन में धार लेंगे। यह आप जीवन के किसी भी पड़ाव पर कर सकते हैं तो फिर दिखावे की क्या जरूरत है? इंसान को केवल अपना मानसिक संतुलन बराबर रखते हुए आत्मविश्वास की चरम प्रकाष्ठा पर पहुंचना होगा। इसमें पहुंचने का सबसे आसान तरीका है कि वह अपने को सादा जीवन और उच्च विचार वाली कहावत पर चरितार्थ करें। हमें जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत कुछ अपने अंदर बदलाव करने होंगे वह सब आसानी से कर सकते हैं सिर्फ सोच को सकारात्मक बना ले। आज का युग आधुनिक युग है, जहां हर क्षेत्र में विकास देखने को मिलता है। पूरी दुनिया पर आधुनिकता का भूत सवार हो चुका है। आधुनिकता का सीधा संबध विकास से दिखाई देता है। उद्योग से लेकर प्रयोग तक यह संसार बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीछे मुड़कर देखना नहीं चाहते हैं हम इस विकास की दौड़ में हम मानवता को भूल चुके हैं। हम एक बार भी पीछे मुड़कर देखना भी नहीं चाहते हैं, जो एक बड़ी भूल साबित हो सकती है।

कहते हैं कि इतिहास अपने आप को दोहराता है, जो हमें समय-समय पर देखने को भी मिलता है। इतना होने के बावजूद हम कुछ सीखने के मूड में नहीं हैं। आज के दौर में आनलाइन प्लेटफार्म पर निजी जीवन का अनावश्यक दिखावा इस कदर बढ़ गया है कि हम जो खाएं, पीएं, घूमने जाएं, उसे आनलाइन प्लेटफार्म पर डालना जैसे हमारी ड्यूटी में शामिल हो गया है। नई चीज खरीदते हैं तो उसे फेसबुक पर अपलोड करना नहीं भूलते। परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के दौरान खींची निजी तस्वीरों को भी लोग साझा करने से नहीं चूकते। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ेगी, आपके आचार, विचार और व्यवहार में गंभीरता आएगी। तब कभी आप सोचेंगे कि अगर मैं 300 रुपए की घड़ी पहनूं या 30000 की, दोनों समय एक जैसा ही बताएंगी। मैं 300 गज के मकान में रहूं या 3000 गज के मकान में, तन्हाई का एहसास एक जैसा ही होगा। सोने के लिए एक बेड ही पर्याप्त होगा। फिर आपको ये भी लगेगा कि यदि मैं बिजनेस क्लास में यात्रा करूं या इक्नामी क्लास में, अपनी मंजिल पर उसी नियत समय पर ही पहुँचूँगा। या फिर रेलवे के स्लीपर क्लास में यात्रा करो या एसी में, ट्रेन एक ही समय में दोनों को पहुंचाएगी। इसलिए अपनी आवश्यक आवश्यकताओं पर ध्यान देना चाहिए न कि व्यर्थ के दिखावे पर फोकस करना चाहिए।

आजकल केवल रहन-सहन में ही नहीं, बल्कि रिश्तों के मामले में भी लोग नकली व्यवहार करने लगे हैं। यहां तक कि प्यार जैसी कोमल और सच्ची भावना में भी अब दिखावे की मिलावट हो रही है। आज की युवा पीढ़ी में रिश्तों के प्रति पहले जैसी ईमानदारी नज़र नहीं आती। लोग मन ही मन दूसरों के बारे में बुरा सोचते हैं, पर उनके सामने अच्छा बने रहने का ढोंग करते हैं। झूठ की बुनियाद पर टिके ऐसे रिश्ते नकली और खोखले होते हैं, इसीलिए वे जल्द ही टूट भी जाते हैं। हमें अपने बच्चों को बहुत ज्यादा अमीर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाए बहुत ज्यादा खुश कैसे रहना चाहिए ये सिखाना चाहिए। हमें भौतिक वस्तुओं के महत्व को देखना चाहिए उसकी कीमत को नहीं। दिखावे की जिंदगी से हमें बाहर आना होगा। आने वाली पीढ़ी को बताना होगा कि उनका यह समय पठन-पाठन व ज्ञानअर्जन का है।

ऐसे में जरूरी है कि हम फेसबुक, वाटसएप पर सिर्फ अपने काम की बातों से ही सरोकार रखें। वाटसएप पर रिश्ते बनते हैं पर बिगड़ते भी हैं। गलतफहमियां होती हैं। अंततः रिश्ते बिखरते देर नहीं लगती। बच्चों को अभिभावक जितना समय देंगे, बच्चे उतने ही संस्कारवान बनेंगे। एकल परिवार की विभीषिका झेलने पर मजबूर बच्चे एकाकीपन का समाधान मोबाइल पर ढूंढने लगते हैं। संवादहीनता से बचाव, बच्चों की बातों को सुनना व उनकी दिनचर्या का भाग होना ही उन्हें आपके प्रति आकर्षित करेगा।

हमें यह जानना होगा कि अगर समाज में दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ रही है तो इसकी वजह क्या है? आज लोगों को पहले की तुलना में पैसे कमाने के ज़्यादा विकल्प मिल रहे हैं। पहले लोग अपनी सीमित आमदनी में भी संतुष्ट रहना जानते थे। अब वे सोचते हैं कि हमारे पास और क्या होना चाहिए, जिससे समाज में हमारा स्टेटस ऊंचा नज़र आए। काफी हद तक ईएमआइ की सुविधाओं ने भी लोगों में दिखावे की इस आदत को बढ़ावा दिया है। दूसरे के पास कोई भी नई या महंगी चीज देखकर लोगों के मन में लालच की भावना जाग जाती है। फेसबुक और ट्विटर जैसी सोशल साइट्स की वजह से भी युवाओं में दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। रिलेशनशिप को भी सोशल साइट्स पर दूसरों को दिखाने के लिए ही अपडेट किया जा रहा है। हम अपनी सभी गतिविधियों को वहां साझा करके चर्चा में बने रहना चाहते हैं। अब लोग रिश्तों के मामले में भी दिखावा करने लगे हैं। जीवन में अब पहले जैसी सहजता नहीं रही। इसी समाज का हिस्सा होने के कारण जाने-अनजाने हम सब इससे प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए हमें सचेत ढंग से ऐसी आदत से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

परेड



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को एसटीसी शीरी बारामूला में जेकेपी के 16वें बैच के 510 रिक्रूट कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड में शामिल हुए।

# धामी ने अबू धाबी में मंदिर में कारसेवा की

**देहरादून/भाषा**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त अरब अमीरात के दौरे के दौरान बुधवार को अबू धाबी में निर्माणाधीन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) हिन्दू मन्दिर में ईंट रखकर कारसेवा की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मंदिर का अवलोकन भी किया और कहा कि अबू धाबी में बन रहा यह हिन्दू मन्दिर अदभुत है। उन्होंने कहा कि यहां पर मंदिर निर्माण का जो कार्य चल रहा है, वह हम सबके लिए गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से इस मंदिर का कार्य हो रहा है और उनके नेतृत्व में भारत को विश्व में मान-सम्मान और अलग पहचान मिल रही है। उन्होंने इस भव्य हिन्दू मन्दिर के निर्माण के लिए लगे सभी संयोजनकर्ताओं और निर्माणकर्ताओं का आभार भी व्यक्त किया और कहा कि यह हिन्दू मन्दिर सांस्कृतिक विरासत, मूल्यों, सदभाव और हिन्दू परंपराओं को बढ़ावा देने का कार्य भी करेगा।

वाहन रैली



केरल विधानसभा के विपक्षी नेता वीडी सतीशन और आईएमयूएल नेता पीके कुन्हालीकुट्टी ने बुधवार को तिरुवनंतपुरम में एलडीएफ सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में सचिवालय में एक वाहन रैली निकाली।


# वही काम कर रहा हूं जो हमेशा से करना चाहता था : पंकज त्रिपाठी

**नई दिल्ली/भाषा**

फिल्म जगत में 20 साल पूरे करने और दो राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल करने वाले मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी का कहना है कि उन्हें उन फिल्मों में काम कर बेहद खुशी मिली है जो ऐसी कहानियां बयां करती हैं जिनसे वह हमेशा जुड़ना चाहते थे।

यह एक सुखद संयोग है कि मुंबई में 20 साल पूरे होने के एक दिन बाद ही त्रिपाठी को फिल्म 'मिमी' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

अभिनेता ने 'पीटीआई-भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, ''मैं काफी खुश और विनम्र हूं। मेरा मानना है कि अगर आप दृढ़ रहें और अपना काम ईमानदारी से करें तो कुछ भी संभव है। मैंने कल फिल्म जगत में अपने 20 साल पूरे कर लिये। यह मेरा दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार है। मुझे चुनने के लिये मैं सभी दर्शकों, अपने सभी निर्देशकों, लक्ष्मण उतेकर (मिमी के निर्देशक) और निर्णायक मंडल का अभारी हूं।



उन्होंने यह भी कहा, ''उन दर्शकों को धन्यवाद जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया। पुरस्कार समारोह में लोग मेरे पास आए और कहा कि मेरी जीत उन्हें एक व्यक्तिगत उपलब्धि की तरह लगती है। चूंकि मैं भी जनता के बीच से आया हूं तो यह देखकर मुझे बहुत अच्छा लगता है।'' 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'मसान', 'स्त्री' और वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और 'क्रिमिनल जस्टिस' से शोहरत पाने वाले त्रिपाठी ने 2003 की कन्नड़ फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। बिहार में जन्मे अभिनेता को आज उनके निभाए कई किरदारों के नामों से भी जाना जाता हैं इनमें 'स्त्री' के रुद्रा भैया से लेकर 'मिर्जापुर' के कालीन भैया तक शामिल हैं। आगामी दिनों में त्रिपाठी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पर आधारित फिल्म 'मैं अटल हूं' में दिखेंगे। इसके अलावा वह मिर्जापुर के तीसरे संस्करण और 'स्त्री 2' में भी नजर आएंगे।

# पाक ने 'अबाबील' हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया: सेना

**इस्लामाबाद/भाषा**

पाकिस्तान ने अपनी प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करने के लिए 'अबाबील' हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। सेना ने यह जानकारी दी।

सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के एक बयान के अनुसार यह परीक्षण हथियार प्रणाली के डिजाइन, तकनीकी मापदंडों और प्रदर्शन को फिर से परखने के लिए किया गया था।

बयान में कहा गया है कि मिसाइल प्रणाली का उद्देश्य प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना और क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाना है। सेना की ओर से मिसाइल प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा और रणनीतिक संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और अभियंता परीक्षण के मौके पर मौजूद थे।

जनरल मिर्जा ने सफल परीक्षण में योगदान देने वाले सभी लोगों के तकनीकी कौशल, समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की।

राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने रणनीतिक बलों के सभी सदस्यों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# सिंगापुर ने इजराइल-हमास संघर्ष के संबंध में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाया

**सिंगापुर/भाषा**

सिंगापुर के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा के मद्देनजर, इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर लोगों के एकत्र होने एवं कार्यक्रमों के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) और नेशनल पार्क्स बोर्ड (एनपार्क्स) ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में आवेदन खारिज कर दिए जाएंगे।

चैनल 'न्यूज एशिया' ने अधिकारियों के हवाले से खबर दी, ''दोनों के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए पुलिस का आकलन है कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। एनपार्क्स ने भी इसी तरह की चिंता साझा की है।''

पुलिस ने कहा कि उसे पता है कि संघर्ष को लेकर कार्यक्रमों और जनसभाओं का आयोजन किया जा रहा है और एनपार्क्स को भी इसी तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए आवेदन मिले हैं।

एसपीएफ ने कहा कि वह इस तरह की जनसभाओं की अनुमति नहीं दे सकता जो दूसरे देशों या विदेशी संस्थानों के राजनीतिक मकसदों की हिमायत करता हो या इस तरह की भावनाओं को भड़का सकता हो जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़े।

एसपीएफ ने लोगों से जिम्मेदार बने रहने और इस विषय पर संयमित चर्चा करने का अनुरोध किया चाहे वह ऑनलाइन हो या व्यक्तिगत। साथ ही उसने लोगों से किसी नस्ल या धर्म के बारे में असंवेदनशील या भड़काऊ टिप्पणी करने से बचने को कहा क्योंकि इस तरह की टिप्पणियों से सिंगापुर की नस्ली एवं धार्मिक सद्भावना खतरे में पड़ सकती है।

# फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज


**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है।

फाइटर के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में 100 डेज टू फाइटर और कैप्शन में लिखा, फाइटर 100 दिन में आ रही है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर लीड रोल में नजर आएंगे।

इनके अलावा करण सिंह ग्रोवर और तलत अजीज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। यह फिल्म एरियल एक्शन है।





# फिल्म 'अटल' में हैं अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की अनकही कहानियां

**मुंबई/एजेन्सी**

अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की अनकही कहानियों का होगा विवरण भारत के इतिहास में ऐसे कई प्रधानमंत्री रहे हैं, जो रूपांतरकारी नेता बनकर उभरे और जिन्होंने महान दूरदृष्टि और संकल्प के साथ महत्वपूर्ण पलों के माध्यम से देश को आगे बढ़ाया। उनके कार्यकाल में ऐसे कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये, जिसने देश की नियति तय की और इसे वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। इन नेताओं ने रणनैतिक दृष्टिकोण और निर्णायक कार्यों से इतिहास के पन्नों में अपना नाम अंकित किया और ऐसी अतुलनीय विरासत छोड़कर गये, जिसने अपार कामयाबी और प्रगति के एक युग को परिभाषित किया। स्वर्गीय अटल बिहार वाजपेयी ऐसे ही एक महत्वपूर्ण नेता थे।

अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रभावशाली नेता थे और भारतीयों के दिलों में उनके लिये अत्यधिक सम्मान है। एण्डटीवी अपने शो 'अटल' के माध्यम से उनके बचपन के अनकहे पहलुओं को प्रस्तुत करने के लिये तैयार है। यूफोरिया प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित इस शो में एक ऐसे नेता के जीवन के आरंभिक वर्षों की कहानी दिखाई जायेगी, जिसने भारत की नियति को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत में ब्रिटिश शासन की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की कहानियाँ दिखाई जायेंगी और उन घटनाओं, मान्यताओं एवं चुनौतियों पर प्रकाश डाला जायेगा, जिन्होंने उन्हें वह नेता बनाया, जो वे थे।

इस शो की कहानी में उनकी माँ के साथ उनके संबंध पर प्रकाश डाला जायेगा, जिन्होंने उनकी आस्थाओं, मूल्यों और चिन्तन पर गहरा प्रभाव डाला। एक ओर, भारत ब्रिटिश राज में गुलामी की वेदना सह रहा था और दूसरी ओर, संपत्ति, जाति और भेदभाव के विभाजन और आंतरिक कलह को भी झेल रहा था। अपनी माँ द्वारा परिकल्पित अखंड भारत का सपना एक ऐसा सपना था जिसे अटल ने बड़े जतन से अपने में सँजो लिया था। नेर कथानक अटल बिहारी बाजपेयी की प्रेरणादायी कहानी के पन्ने खोलती है, जो एक बालक के रूप में साधारण शुरुआत करके भारत के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में एक बने।

# 'आर्या' रिटायर हो सकती है, लेकिन दौलत कभी नहीं : सिकंदर खेर

**मुंबई/एजेन्सी**

क्राइम थ्रिलर ड्रामा 'आर्या' सीजन 3 को लेकर एक्साइटेड एक्टर सिकंदर खेर ने कहा कि उनका किरदार दौलत कभी भी रिटायर नहीं होगा, भले ही स्टोरी की डिमांड क्यों न हो। इस सीरीज में सुष्मिता सेन आर्या सरीन का किरदार निभा रही हैं। दौलत आर्या के साथ उसका मजबूत सहारा बनकर खड़ा है। उसने आर्या की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। वह आर्या का समर्थन करने के लिए मैदान में डटा हुआ है। आर्या के साथ अपने किरदार के संबंध के बारे में विस्तार से बताते हुए, सिकंदर ने कहा, दौलत रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच सकता क्योंकि जब तक आर्या है, दौलत भी रहेगा। मैं दौलत को सिकंदर के रूप में महसूस करता हूं।

उन्होंने कहा, ''कभी-कभी आप किसी के प्यार में इतनी गहराई तक डूब जाते हैं कि आपको कुछ समझ ही नहीं आता। आप यह भी नहीं जानते कि आप उस व्यक्ति से प्यार क्यों करते हैं।'' 'मिलन टॉकीज' फेम एक्टर ने कहा, हो सकता है कि वे आपसे प्यार न करें, लेकिन आपका प्यार बढ़ता रहता है। जिस तरह जानवर निस्वार्थ प्यार करते हैं, ठीक उसी तरह दौलत भी आर्या से प्यार करता है। वह जानता है कि वह कभी रिटायर नहीं होंगे; आर्या हो सकती है, लेकिन दौलत कभी नहीं।''

तीसरे सीजन में, आर्या की नज़र नशीली दवाओं की आपूर्ति और परिवहन पर है, लेकिन इला अरुण उसे रोक लेती है, जो खुद इस खेल निर्विवाद रानी है। राम माधवानी द्वारा निर्देशित और अमिता माधवनी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित 'आर्या 3' 3 नवंबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।



प्रदर्शन



मुंबई में असमिया पारंपरिक बिहू नर्तक मंगलवार रात मुंबई में ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 में प्रदर्शन करते हुए।

# दशहरा पर होगा 'सत्यप्रेम की कथा' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई/एजेन्सी**

इस दशहरा प्यार का पवित्र और दिल छू लेने वाला एहसास करने के लिए तैयार हो जाइए, जहां 'सत्यप्रेम की कथा' की जादुई जोड़ी एंड पिक्चर्स पर अपना शानदार वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर लेकर आ रही है। इस अनोखी लव स्टोरी में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की ताजातरीन, दिलकश और टैलेंटेड जोड़ी लीड रोल्स में हैं, जो 24 अक्टूबर को रात 8 बजे आपके अंदर रोमांस की कशिश जगाने आपके स्क्रीन्स पर आ रहे हैं, सिर्फ एंड पिक्चर्स पर।

एक ऐसे दौर में जहां बॉलीवुड अलग-अलग जॉनर्स में कदम रख चुका है, वहां 'सत्यप्रेम की कथा' उम्मीद की एक लौ जलाती है और बॉलीवुड का सच्चा अंदाज़ दिखाती है। यह फिल्म प्यार के हर पड़ाव का जश्न मनाती है। हर लव स्टोरी की शुरुआत परफेक्ट नहीं होती और सत्यप्रेम और कथा की कहानी भी बड़े अनोखे मोड़ पर शुरू होती है। लेकिन वो कहते हैं ना, प्यार तो अपना रास्ता ढूंढ ही लेता है! इस फिल्म में एक यादगार कहानी, शानदार परफॉर्मेंस, थोड़ा-सा जादू और प्यार में उलझे दो लोगों की दिलकश दास्तान दिखाई गई है। उनके प्यार की शुरुआत कुछ इस तरह है मानो उनकी तकदीर आपस में जुड़ी हो।

सत्यप्रेम की कथा अपने दिलकश संगीत के बिना अधूरी है, जिसने दर्शकों पर बड़ा गहरा असर किया है। इस फिल्म की धुन में सिर्फ गाने नहीं है बल्कि एक रूमानी एहसास है, जो सबके दिलों को छू जाता है। तुलसी कुमार, विशाल मिश्रा, पायल देव और मनन भारद्वाज जैसे कंपोजर्स द्वारा दिल से बनाए और गाए गए 'नसीब से' और 'आज के बाद' जैसे गानों ने देशभर के दर्शकों के दिलों में उतरकर यूट्यूब पर क्रमशः 42 मिलियन और 65 मिलियन व्यूज़ हासिल किए हैं। इन गानों ने इस फिल्म को प्यार की दुनिया का एक यादगार सफर बना दिया।



'सत्यप्रेम की कथा' पूरे परिवार के लिए एक देखने लायक अनुभव है। तो आप भी हमारे और इस फिल्म के पूरे कलाकारों के साथ 24 अक्टूबर को रात 8 बजे सिर्फ एंड पिक्चर्स पर प्यार के इस जादुई एहसास में खो जाने के लिए तैयार हो जाइए। इस फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर को लेकर अपना उत्साह ज़ाहिर करते हुए लीड किरदार निभाने वाले कार्तिक आर्यन ने कहा, मैं इस दशहरा पर सत्यप्रेम की कथा के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मेरे दिल में इस फिल्म की एक खास जगह है। यह बड़ी खूबसूरत कहानी है, जो प्यार की अमिट शक्ति का एहसास कराती है। मेरा किरदार सत्तू गहरे प्यार में होता है। वो जज़्बातों के एक ऐसे सफर पर चल पड़ता है, जो मुझे लगता है हर उम्र के दर्शकों के दिलों से जुड़ेगा। यह उन सभी किरदारों से बहुत अलग है जो मैंने अब तक निभाए हैं। पुरानी यादों का दिलकश एहसास और दिल छू लेने वाले लम्हों के साथ यह एक ऐसी कहानी सामने लाएगी, जिसे हम सभी पसंद करते हैं। हमारी फिल्म को जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला है और नेटिज़ंस ने भी मेरा किरदार पसंद किया है और एक ट्रेंडिंग हैशटैग बी लाइक सत्तू भी बनाया है, जो यह बताता है कि आपके पार्टनर की रजामंदी कितनी जरूरी है। इस फिल्म में अपनी अदाकारी से सबका दिल जीतने वाली कियारा आडवाणी ने कहा, सत्यप्रेम की कथा में काम करना एक बेमिसाल अनुभव था और अब मैं इस फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर को लेकर वाकई बहुत खुश हूं। यह सिर्फ एक लव स्टोरी नहीं है बल्कि प्यार की अंदरुनी ताकत का खुशनुमा एहसास है। यह फिल्म बड़ा खूबसूरत संदेश देती है जो सभी से जुड़ता है। मेरा किरदार कथा मेरा सबसे खास और पसंदीदा किरदार है। इस फिल्म में उसका खुद की तलाश करने और खुद से जुड़ने का एक खास सफर है। यह फिल्म बहुत खूबसूरती से निस्वार्थ और पवित्र प्रेम को उजागर करती है। इतने पैशनेट कलाकारों और क्रू के साथ काम करते हुए हमने इस कहानी को बड़े ही खास अंदाज़ में पेश किया है।



**गरबा**

सूरत में बुधवार को नवरात्रि उत्सव के अवसर पर पारंपरिक गरबा नृत्य करती एक महिला।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

पयन्ना आगमों में वैराग्य के प्रबल भावों के बारे में बताया है। इन आगमों में मनुष्य सौ साल में किस तरह दस अवस्थाओं से गुजरता है, उसका भी वर्णन है। गर्भावस्था और जन्म के बाद आहारचर्या का वर्णन भी इनमें आता है। उन्होंने कहा शरीर का सबसे सेंसिटिव भाग गला है। शरीर में 99 लाख रोमकूप और साढ़े तीन करोड़ रोमराजी व्याप्त है। मानव बारह साल तक मां की कोख में रह सकता है लेकिन नौ महीने रहने से स्वस्थ रहता है। परमात्मा के अतिशय के बारे में उन्होंने बताया कि परमात्मा जहां विचरण करते हैं, उसका प्रभाव होता है कि वह क्षेत्र शुद्ध बन जाता है। रास्ते के कांटे भी उल्टे हो जाते हैं।



# आत्मसाधना के लिए व्यक्ति को प्रमाद नहीं करना चाहिए : साध्वीश्री धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के साहुकारपेट जैन भवन में चातुर्मासार्थ विराजित महासतीश्री धर्मप्रभाजी ने श्रावक-श्राविकाओं से कहा कि मनुष्य का क्षण मात्र का प्रमाद उसके जीवन प्रयाय में की गई साधना को मिट्टी में मिला देता है और उसकी आत्मा को नरक गति दिलवा देता है।

इंसान को शरीर की चिंता होती है,परन्तु आत्मा की चिंता नहीं। शरीर की शोभा पसंद आती है परन्तु आत्मा की शोभा नहीं। शरीर को कुछ भी नहीं होना चाहिए यही सोचकर मनुष्य आत्मा के लिए कुछ भी नहीं करता है। वह प्रमाद में रहकर साधना करता है तो उसे साधना का प्रतिफल नहीं मिलने वाला है। साधना आत्मा के लिए होगी तभी मनुष्य अपनी आत्मा को मोक्ष दिलवा सकता है ।

आज तक हमारी आत्मा ने जितना पुरुषार्थ संसार के सुख को प्राप्त करने के लिए किया है अगर व्यक्ति ने अपने शरीर को छोड़कर अपनी आत्मा को मोक्ष दिलवाने के लिए वह साधना करता है तो वह अपनी आत्मा को दुखमय संसार के भटकाव से बाहर निकलवा सकता है।

साध्वी स्नेहप्रभाजी ने भगवान महावीर स्वामी की अंतिम श्रुतदेशना उत्ताराध्यय के मूल सूत्र का विवेचन करते हुए कहा कि तिर्थंकर प्रभु महावीर ने केवल ज्ञान और मोक्ष प्राप्त करने पूर्व सभी जीवों को शरीर और आत्मा के भेद बताए थे। महावीर की अंतिम श्रुत देशना का मनुष्य पालन और अनुसरण करके धर्म के मार्ग पर चलता है तो वह अपनी आत्मा को संसार से उत्थान करवा सकता है।

# उपकार को कभी भूलना नहीं और अपकार को कभी दोहराना नहीं चाहिए : आचार्य उदयप्रभसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां किलपॉक जैन संघ में विराजित आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी ने प्रवचन में कहा कि पयन्ना आगमों में वैराग्य के प्रबल भावों के बारे में बताया है। इन आगमों में मनुष्य सौ साल में किस तरह दस अवस्थाओं से गुजरता है, उसका भी वर्णन है। गर्भावस्था और जन्म के बाद आहारचर्या का वर्णन भी इनमें आता है। उन्होंने कहा शरीर का सबसे सेंसिटिव भाग गला है। शरीर में 99 लाख रोमकूप और साढ़े तीन करोड़ रोमराजी व्याप्त है। मानव बारह साल तक मां की कोख में रह सकता है लेकिन नौ महीने रहने से स्वस्थ रहता है। परमात्मा के अतिशय के बारे में उन्होंने बताया कि परमात्मा जहां विचरण करते हैं, उसका प्रभाव होता है कि वह क्षेत्र शुद्ध बन जाता है। रास्ते के कांटे भी उल्टे हो जाते हैं।

कोई अकाल मृत्यु नहीं होती। कोई युद्ध, उपद्रव आदि नहीं होते। पापी के पापों को दूर कर मोक्षमार्ग पर लाने के लिए परमात्मा निमित्त बनते हैं। परमात्मा के अतिशय से सचित वस्तु के ऊपर चलने से भी विराधना नहीं होती। उन्होंने कहा



कि उपकार को कभी भूलना नहीं चाहिए और अपकार को कभी दोहराना नहीं चाहिए। यदि आप कोई गाथा या सूत्र भूल गए हैं तो ज्ञानावरणीय कर्म उदय में आते हैं और उपकार भूलने से मोहनीय कर्म उदय में माने जाते हैं। मुनि धन्यप्रभविजयजी ने कहा कि अरिहंत परमात्मा के हमारे ऊपर बहुत सारे उपकार है। क्रोध, मान, माया, लोभ आदि कषायों से हमारी आत्मा दुर्गति में जाती है और वे अनंत संसार भ्रमण को बढ़ाते हैं। ये कषाय हमारी आत्मा के शत्रु है। पांच इंद्रियों का दुरुपयोग करने से हमारा भव-भव बिगड़ता है। आंख का दुरुपयोग करेंगे तो भव-भव हमें वह नहीं मिलेगी। इसलिए आंख आदि इंद्रियों का सदुपयोग करना चाहिए। कान का सदुपयोग जिनवाणी आदि सुनकर करना चाहिए। उन्होंने कहा आठों कर्मों में मोहनीय कर्म सबसे ज्यादा खतरनाक है, हमें उसे जीतना है। परमात्मा हमारे प्रथम उपकारी है। उन्होंने कषाय-विषयों के ज्ञान एवं दान, तप, शील, भाव के माध्यम से हमें मोक्षमार्ग का रास्ता बताया। उन्होंने कर्म सिद्धांत का भी सूक्ष्मज्ञान दिया है। हमारे जीवन में सुख-दुख कर्मों के कारण आते हैं, उसकी व्याख्या उन्होंने दी। भगवान खुद भी तिर गए और हमें भी तारने का कार्य कर रहे हैं। जिनशासन मानता है हर आत्मा परमात्मा बन सकती है। हमें यह सुंदर मानव भव मिला है, सुंदर काया मिली है, इसके लिए भगवान का उपकार मानना चाहिए।

# कर्म बंधन का मूल कारण है कषाय : मुनिश्री हिमांशुकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ भवन गांधीनगर में विराजित मुनिश्री हिमांशुकुमारजी के सान्निध्य में आयोजित जिनाज्ञा क्लासेस में जैन धर्म के मूल तत्वों पर चर्चा करते हुए मुनिश्री ने उपस्थित संभागियों को संबोधित करते हुए जैन धर्म के मूल सिद्धांत कर्मवाद पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आत्मा द्वारा की जाने वाली प्रवृत्ति से जो पुद्गल आत्मा के साथ एकीभूत हो जाते हैं उन्हें कर्म कहा जाता है। कर्म पुदगल अचेतन है, आत्मा चेतन है, इस दृष्टि से आत्मा और कर्म भिन्न है। कर्म बंधन के कारणों की व्याख्या करते हुए मुनि हेमंत कुमारजी ने कहा कि कषाय युक्त आत्मा की प्रवृत्ति ही कर्म बंधन का कारण है । कषाय के बिना कर्म का बंधन नहीं हो सकता, इसीलिए कषाय मुक्त आत्माएं कर्मों से स्वतः मुक्त हो जाती है और कर्मों से मुक्त आत्माएं सदा अपने आनंद में लीन रहती है।

मुनिश्री के सान्निध्य में आयोजित होने वाले ग्रो एंड ग्लो संस्कार निर्माण शिविर की जानकारी देते हुए बताया गया कि तेरापंथी सभा, युवक परिषद, महिला मंडल, ज्ञानशाला, प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति आदि के संयुक्त तत्वावधान में त्रि दिवसीय शिविर का आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ होगा जिसमें विभिन्न आयु सीमा के बालक बालिकाएं एवं युवक युवतियां भाग ले सकते हैं ।



# कर्म रूपी शत्रुओं को नाश करने के लिए पुरुषार्थ करना होगा : साध्वी चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम सेन्टर में विराजित साध्वी श्री चैतन्याश्रीजी ने अपने प्रवचन में नवरात्रि के के अवसर पर नव पदों की आराधना करते हुए कहा कि जैसे युद्ध की तैयारी करने से हम युद्ध नहीं जीत जाते। वैसे ही हमें हमारी आत्मा से कर्म रूपी शत्रुओं का नाश जब तक नहीं करेंगे, जब तक हमारी आत्मा सिद्ध आत्मा नहीं बन सकती। जब हम युद्ध की तैयारी करने के पश्चात शत्रुओं से लड़ेंगे, तभी हम युद्ध को जीत पाएंगे। इसी प्रकार कर्म रूपी शत्रुओं को नाश करने के लिए हमें पुरुषार्थ करना होगा। तब ही हम आठ कर्मों को नष्ट करके परम पद को प्राप्त कर सकेंगे। प्रभु महावीर परमात्मा की हम संतानें हैं वह सिद्ध क्षेत्र में विराजमान है और हम समझते हैं कि हम अनाथ हैं। हमारे भीतर ही परमात्मा विराजमान है जो डायमंड की तरह हैं । धर्म व्यक्ति का वाचक नहीं है बल्कि गुणवाचक है। अरिहंत सिद्ध का तीसरा कुंभ कलश नमो आयरियाणं है यानी आचार्य जिनका आचरण शुद्ध हो निर्मल हो किसी का मन नहीं दुखाया हो। हम हमारे जीवन में आचरण की जबरदस्ती करते हैं लेकिन जबरदस्ती से आचरण नहीं हो सकता। हमारे आचार्य संघ के नायक हैं और उनके वजह से हमारे नींव पक्की होती हैं। पूरा पेड़ सुरक्षित होता है कारण की उसके बीज मजबूत होते हैं। आचार्य भगवान जिनके निश्रा में आज कितने ही साधु साध्वी धर्म प्रभावना करने के लिए विचरण कर रहे हैं आचार्य माला के मेरु हैं जिनसे हमारी जिनशासन की शोभा है। आचार्य के 36 गुण होते हैं जिन्हें हम भी धारण कर सकते हैं तभी हमारा जीवन मंगलमय बन सकता है। अनंत काल की यात्रा खत्म हो सकती है। हम परिवार का मोह कर रहे हैं और परमात्मा से दूर हो रहे हैं हम जिस दिन परमात्मा के नजदीक पहुंचेंगे, उस दिन हमारा कल्याण निश्चित है। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।

# एक हाथ से दिया दान हजारों हाथों से लौटकर आता है : आचार्य देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरीजी ने धर्म प्रवचन देते हुए कहा कि एक हाथ से दिया गया दान हजारों हाथों से लौटकर आता है। जो हम देते हैं वो ही हम पाते हैं। दान के विषय में हम सभी जानते हैं। दान अर्थात् देने का भाव, अर्पण करने की निष्काम भावना। किंतु दान की महिमा तभी होती है, जब वह नि:स्वार्थ भाव से किया जाता है अगर कुछ पाने की लालसा में दान किया जाए तो वह व्यापार बन जाता है। यहां समझने वाली बात यह है कि देना उतना जरूरी नहीं होता जितना कि देने का भाव। अगर हम किसी को कोई वस्तु दे रहे हैं लेकिन देने का भाव अर्थात् इच्छा नहीं है तो वह दान झूठा हुआ, उसका कोई अर्थ नहीं। इसी प्रकार जब हम देते



हैं और उसके पीछे यह भावना होती है, जैसे पुण्य मिलेगा या फिर परमात्मा इसके प्रत्युत्तर में कुछ देगा तो हमारी नजर लेने पर है, देने पर नहीं। दान का अर्थ होता है देने में आनंद, एक उदारता का भाव, प्राणी मात्र के प्रति एक प्रेम एवं दया का भाव, किंतु जब इस भाव के पीछे कुछ पाने का स्वार्थ छिपा हो तो वह दान नहीं रह जाता, हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है, यह तो संसार एवं विज्ञान का धारण नियम है। इसलिए उन्मुक्त हृदय से श्रद्धापूर्वक एवं सामर्थ्य अनुसार दान एक बेहतर समाज के निर्माण के साथ-साथ स्वयं हमारे भी व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होता है और सृष्टि के नियमानुसार उसका फल तो कालांतर में निश्चित ही हमें प्राप्त होगा।

आचार्यश्री ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में दान देने का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि आधुनिकता एवं भौतिकता की अंधी दौड़ में हम लोग देना तो जैसे भूल ही गए हैं। हर संबंध व हर रिश्ते को पहले प्रेम, समर्पण, त्याग व सहनशीलता से दिल से सींचा जाता था, लेकिन आज हमारे पास समय नहीं है, क्योंकि हम सब दौड़ रहे हैं और दिल भी नहीं है, क्योंकि सोचने का समय जो नहीं है। लेकिन हमारे पास पैसा और बुद्धि बहुत है, इसलिए अब हम लोग हर चीज में इन्वेस्ट अर्थात निवेश करते हैं, चाहे वे रिश्ते अथवा संबंध ही क्यों न हों। तो हम लोग नि:स्वार्थ भाव से देना भूल गए हैं। देंगे भी तो पहले सोच लेंगे कि मिल क्या रहा है, और इसीलिए परिवार टूट रहे हैं, समाज टूट रहा है।



# भारत की संस्कृति त्यौहारों की संस्कृति है : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

राणेबेन्नूरु। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागर सूरीश्वरजी ने माता सरस्वती के मंत्र जाप साधना के चौथे दिन कहा कि भारत देश में देव देवी की उपासना आराधना के लिए भी पर्व त्योहार के रूप में दिन सांस्कृतिक-पारंपरिक एवं आध्यात्मिक दिन तय किए गए हैं। भारत देश में भगवान तो पूजे जाते हैं, भक्त पूजे जाते है, माता-पिता पूजे जाते है, नदी, पर्वत पूजे जाते हैं, गाय, नाग, तुलसी, पीपल़ आदि पूजे जाते है। प्रकृति को भी सम्मान देने वाली कोई संस्कृति है तो वह है हिन्दुस्तानी संस्कृति । हमें हमारी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। हमें साधना आराधना के दिनों में बिना पक्षपात से पूरी श्रद्धा से पूजा आराधना करना चाहिए। मेरा मानना है कि इस सरस्वती मंत्र साधना का असर एक वर्ष नहीं किंतु जन्म जन्म तक रहना चाहिए। इस साधना में सिर्फ साधक का ध्यान होना चाहिए।

## नवदुर्गा पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूर के केआर नगर तहसील में सर्व राजस्थानी समुदाय की महिलाओं द्वारा मां नवदुर्गा का विशाल पंडाल सजाकर प्रतिदिन मां भवानी की पूजा कर शाम को डांडिया रास का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेने हेतु पहुँच रही है।

# 'राहुल 'अनपढ बच्चा', उन्हें राजनीति का कोई ज्ञान नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गुवाहाटी/भाषा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने वंशवाद की राजनीति पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की और उन्हें एक 'अनपढ बच्चा' बताया, जिसे राजनीति के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। गांधी ने मंगलवार को चुनावी राज्य मिजोरम में संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में पद का जिक्र किया था। गांधी ने एक प्रश्न पर कहा था, ''अमित शाह का बेटा क्या करता है? वास्तव में वह क्या कर रहा है? (रक्षा मंत्री) राजनाथ सिंह का बेटा क्या करता है? मैंने सुना था कि अमित शाह का बेटा भारतीय क्रिकेट को संचालित कर रहा है...भाजपा के नेताओं को देखें और खुद से सवाल पूछें कि उनके बच्चे क्या कर रहे हैं? उनके कई बच्चे वंशवाद से आए हैं।'' गृह मंत्री के बेटे जय शाह बीसीसीआई के सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष हैं, जबकि सिंह के बेटे उत्तर प्रदेश विधानसभा से सदस्य हैं।

शर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''अमित शाह का बेटा कैसे सामने आया? वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नहीं हैं, लेकिन राहुल का पूरा परिवार राजनीति में है...राहुल को लगता है कि बीसीसीआई भाजपा की एक शाखा है। मुझसे उनके बारे में ज्यादा मत पूछिए, वह एक 'अनपढ बच्चा' हैं।'' शर्मा ने कहा, ''क्या राजनाथ सिंह के बेटे, जो अभी यूपी में विधायक हैं, की तुलना (कांग्रेस महासचिव) प्रियंका गांधी से की जा सकती है? क्या वह भाजपा को नियंत्रित करते हैं?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को नए लोगों को मौका देना चाहिए, फिर वंशवाद की राजनीति पर बात करनी चाहिए। शर्मा ने कहा, ''राहुल को राजनीति के बारे में कोई ज्ञान नहीं है और यह अहसास नहीं है कि वह वंशवाद की राजनीति के मूल में हैंएक परिवार से हर कोई राजनीति में रहा है- मां, पिता, पड़दादा, बहन, भाई...और पार्टी को नियंत्रित करते रहे हैं। लेकिन, वह भाजपा से उसकी तुलना कैसे कर सकते हैं?''

## बातचीत




हैदराबाद में बुधवार को फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन की समिति की चेयरपर्सन रितु शाह, स्ट्रेटेजिक लॉ पार्टनर्स की एसोसिएट पार्टनर महक गुप्ता बातचीत के दौरान।

# राहुल, प्रियंका बस यात्रा के साथ प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे

हैदराबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा बुधवार को तेलंगाना में बस यात्रा के साथ विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दोनों नेता विशेष विमान से दोपहर साढ़े तीन बजे बेगमपेट हवाईअड्डा पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर से रामप्पा मंदिर के लिए रवाना होंगे। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वे बस यात्रा शुरू करेंगे और इसके बाद एक रैली को संबोधित करेंगे। इस दौरान दोनों नेता महिलाओं के साथ बातचीत भी करेंगे। उन्होंने बताया कि रैली के बाद प्रियंका दिल्ली लौट जाएंगी लेकिन राहुल राज्य में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुलुगु से कांग्रेस विधायक दानासारी अनसूया ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राहुल गांधी आज रात भूपालपल्ली में रुकेंगे। दानासारी अनसूया सीथक्का के नाम से मशहूर हैं। उन्होंने कहा, 'राहुल और प्रियंका साढ़े चार बजे रामप्पा मंदिर पहुंचेंगे और करीब पांच बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद भूपालपल्ली तक करीब 30 किलोमीटर की बस यात्रा होगी।' कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, 18 अक्टूबर से शुरू होने वाली यह तीन दिवसीय यात्रा आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से गुजरेगी। राहुल 19 अक्टूबर को सरकारी खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज के कर्मचारियों से मिलेंगे और पेद्दापल्ली एवं करीमनगर में सार्वजनिक बैठकों में भाग लेंगे। वह करीमनगर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। कांग्रेस नेता 20 अक्टूबर को जगतियाल में किसानों की एक बैठक में भाग लेंगे और आर्मूर एवं निजामाबाद सहित अन्य स्थानों पर कार्यक्रमों में भाग लेंगे। तेलंगाना दौरे के दौरान राहुल गांधी के बोधन में निजाम चीनी मिल का दौरा करने और आर्मूर में हल्दी एवं गन्ना किसानों के साथ बातचीत करने की संभावना भी है।

# कर्मों को क्षय करने के लिए जीवन में त्याग अति आवश्यक : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। महासती ने अट्ठाइसवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। जाप के बाद गाथा का विवेचन करते हुए साध्वी ऋषिताश्रीजी ने कहा कि भगवान महावीर की विशेषताओं का वर्णन करते हुए सुधर्मा स्वामी कहते हैं कि तीर्थंकर प्रभु ने अपने आठों कर्मों को क्षय करने के लिए रात्रि भोजन सहित कामवासना का त्याग कर दिया था।

उन्होंने प्रणातिपात आदि अट्ठारह ही पापों का संपूर्ण तरह से सर्वथा त्याग कर दिया था। उन्होंने मन, वचन और काया से पांच महाव्रतों को धारण और पालन किया था। पहला महाव्रत है अहिंसा अर्थात जीवन भर सर्वथा प्रकार से हिंसा का त्याग। दूसरा महाव्रत है सत्य अर्थात जीवन भर सर्वथा प्रकार से छोटे-मोटे सभी तरह के झूठ का संपूर्ण त्याग। तीसरा महाव्रत है अचौर्य अर्थात जीवन भर सर्वथा प्रकार से बिना दी हुई अथवा बिना आज्ञा से कोई भी वस्तु लेने का त्याग।

चौथा महाव्रत है ब्रह्मचर्य अर्थात आजीवन कुशील सेवन का त्याग। पांचवा महाव्रत है अपरिग्रह अर्थात जीवन भर वस्तुओं के संग्रह का त्याग। इस तरह प्रभु परमात्मा ने पांच महाव्रतों का उत्कृष्ट पालन करते थे तथा उत्कृष्ट तपस्या करने वाले उत्कृष्ट तपस्वी थे।

साध्वी प्रियंगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। बुधवार को साध्वी अनुज्ञाश्रीजी के आठ उपवास की अट्ठाई तपस्या पूर्ण हुई। तपस्या की अनुमोदना करते हुए साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि तपस्वी साध्वीजी छोटी उम्र से ही बड़ी-बड़ी तपस्याएं करते आ रही हैं। उन्होंने अपने जीवन में अभी तक अनेक अट्ठाइयां, अर्धमासखमण एवं कई अन्य छोटी बड़ी तपस्याएं की है। महासतीजी की तपस्या की अनुमोदना में रोशनी लुनिया, स्नेहा लुंकड़, मानवी श्रीश्रीमाल एवं सत्य बहू मंडल की महिलाओं ने तप अनुमोदन स्तवन भजन प्रस्तुत किये। पुच्छीसुणं जाप के लाभार्थी मदनलाल, प्रकाशचंद, माणकचंद, अशोककुमार, आनंदकुमार पंचकेसरी बडेरा परिवार थे। नवकार महामंत्र जाप कांतिलाल विमलकुमार भंसाली निवास पर रखा गया। सहमंत्री कल्याण श्रीश्रीमाल ने तपस्या की अनुमोदना की तथा संघ की सूचनाएं प्रदान की।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.